दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 04, अंक 23 | ग्वालियर शुक्रवार 12 मार्च 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

85 फ़ीट ऊँची आदिदेव शिव प्रतिमा का अनावरण

भोपाल।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने महाशिवरात्रि पर रावतपुरा श्रीधाम में 3 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 85 फ़ीट ऊँची आदिदेव शिव प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, खजुराहो सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा, राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया, भिण्ड-दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय, गुना-शिवपुरी सांसद श्री के.पी.एस. यादव सहित विधायकगण उपस्थित थे। अनावरण के पूर्व रावतपुरा धाम के महंतो ने वैदिक मंत्रोच्चार किया।

मुख्यमंत्री की मौजूदगी में रावतपुरा श्रीधाम में हुआ आयोजन

तत्पश्चात मुख्यमंत्री श्री सिंह ने रिमोट कंट्रोल दबाकर शिव प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महाशिवरात्रि की पुण्य वेला में पवित्र रावतपुरा धाम प्रांगण में सपत्नीक विधिवत पूजा-अर्चना भी की। भगवान शिव की विशाल प्रतिमा लगभग 85 फ़ीट ऊँची और 150 टन बजनी है। भगवान भोले की यह विशाल प्रतिमा 15 शिल्पकारों ने मिलकर लगभग ढाई साल में तैयार की है। राजस्थान के झुंझनू जिले के ग्राम चिड़ावा निवासी जाने-माने शिल्पकार श्री चंदलाल शीशराम इस प्रतिमा के प्रमुख शिल्पी हैं। प्रतिमा ध्यान मुद्रा में बनी है, जिसमें भगवान शिव प्रसन्नचित होकर डमरू लिए हुए ध्यानमग्न हैं। प्रतिमा के पीछे शिव का त्रिशूल स्थापित भी है और सामने नंदी जी बैठे हुए हैं। शिल्पकार श्री चंदलाल ने बताया कि प्रतिमा पूर्णतः भूकंपरोधी है। बेसमेंट व आधार सहित कुल 85 फ़ीट ऊँचाई में यह प्रतिमा बनी है। प्रतिमा के निर्माण में सीमेंट-कंक्रीट व सरियों का उपयोग हुआ है। जिंक पॉलिस के जरिये प्रतिमा को सुंदरता प्रदान की गई है। शिल्पकार चंदलाल के अनुसार प्रतिमा पर बरसात, गर्मी एवं सर्दी का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

एक नजर

पीएम मोदी की मां हीराबेन को लगा कोरोना टीका

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन को कोरोना टीके का पहला डोज लग गया है। इसकी जानकारी खुद प्रधानमंत्री मोदी ने दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट करके

कहा कि यह बताते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है कि मेरी मां ने आज कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक ले ली है। मैं हर किसी से आपके आसपास के लोगों की मदद करने और उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह करता हूं, जो टीका लगवाने के पात्र हैं। गत दिनों गुजरात सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने हीराबा के छोटे पुत्र पंकज मोदी से हीराबेन को कोरोना का लगाने के संबंध में संपर्क किया था। पंकज मोदी ने तब कहा था कि इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा कर निर्णय किया जाएगा। हीरा बा ने गांधीनगर में कोरोना का टीका लगवाया।

2021 एफआईएफ अवार्ड से नवाजे जाएंगे सदी के महानायक अमिताभ बच्चन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को 19 मार्च को होने वाले एक वर्चुअल आयोजन में

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म आर्काइव्स (एफआईएफ) द्वारा प्रतिष्ठित 2021 एफआईएफ अवार्ड से नवाजे जाएंगे। अमिताभ ने कहा, वर्ष 2021 के लिए एफआईएफ पुरस्कार प्राप्त करने को लेकर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं, एक ऐसा कॉज जिसके लिए मैं गहराई से प्रतिबद्ध हूं। हमें इस विचार को मजबूत करना होगा कि फिल्म संग्रह उतना ही आवश्यक है जितना कि फिल्म निर्माण, मुझे उम्मीद है कि हम फिल्म उद्योग और सरकार में अपने सहयोगियों से इस सबसे आवश्यक कारण के लिए और अधिक समर्थन हासिल करने में सक्षम हैं।

ममता के बाएं पैर में चढ़ा प्लास्टर

कोलकाता। नंदीग्राम में चुनाव प्रचार के दौरान घायल हुईं सीएम ममता बनर्जी का कोलकाता के SSKM अस्पताल में इलाज जारी है. कल देर रात उनकी एक्सरे और ECG जांच की रिपोर्ट आ गई. नम आंखों के साथ ममता के समर्थक उनकी सेहत से जुड़ी अच्छी खबर के इंतजार में रात भर अस्पताल परिसर में ही मौजूद रहे. आखिरकार इनकी दुआ रंग लाई और डॉक्टरों ने एक्स-रे और ईसीजी जांच के बाद बताया कि ममता के पैर की हड्डी नहीं टूटी है, लेकिन उनके पैर में सॉफ्ट टीश्यू डैमेज है. पैर में चोट लगने के बाद ममता ने सीने में दर्द की शिकायत भी की थी. डॉक्टरों ने उनकी ईसीजी जांच की, ममता की ईसीजी जांच रिपोर्ट नॉर्मल है. रात में ही ममता बनर्जी का सीटी स्कैन किया गया है और टेमरेरी प्लास्टर भी किया गया है. अगले 48 घंटे ममता बनर्जी डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगी.

पीएम मोदी ने किया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामी चिद्भवानंदजी की भगवद गीता के किंडल संस्करण का शुभारंभ

भगवद गीता दिमाग खुला रखने के साथ सोचने और सवाल करने के लिए प्रेरित करती है

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्वामी चिद्भवानंदजी की भगवद गीता का किंडल वर्जन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लॉन्च किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गीता हमें सोचने पर मजबूर करती है। यह हमें सवाल करने के लिए प्रेरित करती है। यह बहस को प्रोत्साहित करती है और हमारे दिमाग को खुला रखती है। गीता से प्रेरित कोई भी व्यक्ति हमेशा स्वभाव से दयालु और लोकतांत्रिक होगा। पीएम ने कहा भगवद गीता की सुंदरता उसकी गहराई, विविधता और लचीलेपन में है। आचार्य विनोबा भावे ने गीता को एक ऐसी माता के रूप में वर्णित

किया है जो ठोकर लगने पर उसे अपनी गोद में ले लेती है। महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, महाकवि सुब्रमण्यम भारती जैसे महान व्यक्ति गीता से प्रेरित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि ई-बुक्स की लोकप्रियता युवाओं के बीच काफी ज्यादा देखी जा रही है। भगवद गीता को डिजिटल बनाने के प्रयासों में इसके विचार से और अधिक युवाओं को जोड़ा जाएगा। अनन्त गीता और गौरवशाली तमिल संस्कृति के बीच संपर्क को गहरा किया जाएगा। बता दें कि स्वामी चिद्भवानंदजी तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के थिरुप्पराईथुराई में श्री रामकृष्ण तपोवनम आश्रम के संस्थापक हैं। स्वामीजी ने 186 पुस्तकों और साहित्यिक रचना की सभी विधाओं को लिखा है। भगवद गीता पर उनका विद्वतापूर्ण कार्य इस विषय पर सबसे व्यापक पुस्तकों में से एक है।

किसान संगठनों ने 26 मार्च को पूर्ण भारत बंद का आयोजन किया

नई दिल्ली। तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसान संघों ने 26 मार्च को पूर्ण भारत बंद का आह्वान किया है। संयुक?त किसान मोर्चा के डॉ. दर्शन पाल की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, संयुक?त किसान मोर्चा की बैठक में आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई, इसके तहत 15 मार्च को कॉरपोरेट विरोधी दिवस व सरकार विरोधी दिवस मनाया जाएगा जिसमें डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस व अन्य आवश्यक वस्तुओं के बढ़ रहे दामों के खिलाफ ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसी दिन देशभर के रेलवे स्टेशनों पर मजदूर संगठनों के साथ निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में 17 मार्च को मजदूर संगठनों व अन्य संगठनों के साथ 26 मार्च के प्रस्तावित भारत बंद को सफल बनाने के लिए एक बैठक आयोजित की जाएगी। संयुक?त किसान मोर्चा के बयान के अनुसार, 19 मार्च को मुज़ारा लहर का दिन मनाया जाएगा तथा एफसीआई और खेती बचाओ कार्यक्रम के तहत देश भर की मंडियों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी

नई दिल्ली। भगवान भोलेनाथ के महापर्व महाशिवरात्रि पर अध्यात्मनगरी हरिद्वार में शुरू हो रहे महाकुंभ का पहला शाही स्नान है। शाही स्नान की शुरुआत में जूना अखाड़ा, आह्वान अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा और किन्नर अखाड़ा के करीब 22 लाख लोगों ने पौड़ी ब्रह्मकुंड में डुबकी लगाई। इसके बाद करीब 1 बजे निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा हर की पौड़ी ब्रह्मकुंड पर स्नान करेंगे। इसके बाद करीब 4 बजे महानिर्वाणी अखाड़ा और अटल अखाड़ा हर की पौड़ी ब्रह्मकुंड पर स्नान करेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश की जाएगी।

औरंगाबाद व नागपुर में लगा लॉक डाउन

महाराष्ट्र में लॉकडाउन पर 2-3 दिन में फैसला- उद्धव

मुंबई। इस बीच औरंगाबाद में रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक लॉकडाउन की घोषणा की गई है. इसके साथ ही शनिवार और रविवार को पूरा लॉक डाउन रहेगा. बताया गया है कि 4 अप्रैल तक यह सीमित लॉकडाउन रहेगा. इस दौरान सिर्फ जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी. वहीं नागपुर में 15 मार्च से 21 मार्च तक एक हफ्ते के लिए पूर्ण लॉकडाउन की घोषणा कर दी गई है. इस दौरान केवल आवश?यक सेवाओं की ही अनुमति दी गई है महाराष्ट्र में एक बार फिर लॉकडाउन का फैसला लिया जा सकता है. राज्य के मख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि लॉकडाउन लगाने का फैसला दो-तीन दिन के भीतर लिया जा सकता है. दरअसल महाराष्ट्र में कोरोना अब बेकाबू होने लगा है. सरकार के तमाम कोशिशों के बाद भी यहां कोरोना महामारी का संक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा है. बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के इस साल एक दिन में सबसे अधिक 13,659 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 22,52,057 हो गई, जबकि

54 और रोगियों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या 52,610 हो गई है. इसके बाद ही अब माना जा रहा है कि लॉकडाउन के फैसले को टाल रही उद्धव सरकार अब निर्णय ले सकती है. बता दें कि पहले ही इस बात की हिंटयत दी गई थी कि अगर केस बढ़ेंगे तो महाराष्ट्र में लॉकडाउन लगाया जा सकता है. इस बीच महाराष्ट्र में हर रोज आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं वहीं अधिकांश लोग भी पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं. केंद्र सरकार ने भी कहा था कि महाराष्ट्र में कोविड-19 के मामले बढ़ने का कारण महामारी के प्रति लोगों की कम जागरूकता और डर की कमी है.

केदारनाथ धाम के कपाट 17 मई से खुलेंगे,

केदारनाथ। देव भूमि उर?तराखंड में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट 17 मई को सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं के लिए खोल दि?ए जाएंगे। वेदपाठियों और तीर्थपुरोहितों ने पूजा पाठ के बाद शुभ मुहर्त निकाला है। ऊखीमठ के ओम्कारेश्वर मंदिर से हुई बाबा केदार के कपाट खुलने की घोषणा हुई है। केदारनाथ धाम के कपाट खोलने के लिए 13 मई को भगवान भैरवनाथ की पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद 14 मई को बाबा केदार की डोली फाटा में विश्राम करेगी जहि?सने ऊखीमठ से प्रस्थान कि?या था।

ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोनः 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com



शिवालयों में उमड़ा शिव भक्तों का जन सैलाव

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे (भिण्ड)

शिव भक्तों में उत्साह चरम पर नजर आ रहा है पूरे जिलेभर के शिवालयों में महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया भिण्ड शहर के वनखंडेश्वर महादेव मंदिर पर कल शाम से ही भारी मात्रा में भक्तों का तांता लगा हुवा है तथा क़ाबडों की लंबी कतार देखने को मिली।रात्रि 12 बजे के बाद गंगाजल चढ़ना प्रारंभ हुआ शिवभक्तों ने पूजा अर्चना कर महादेव से मनौतियां मांगीनगर में वनखंडेश्वर महादेव मंदिर, सहित अन्य मंदिरों में भोले के भक्तों ने बेल पत्री, गंगाजल धतूरा आदि चढ़ाकर महादेव को प्रसन्न किया। शिवजी को बेलपत्र धतूरा अर्पित कर भोग लगाया। मंदिर प्रांगणों में बैठकर शिवभक्त शिव स्त्रोत, शिव चालीसा, महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया। पूरे दिन शिवालय भोले के जयकारों से गूंजते रहे। आज शाम को शिव बारात पूरे शहर में निकाली जाएगी भगवान भोलेनाथ रथ पर सवार होकर पूरे शहर में भ्रमण करेंगें उनकी बारात बैंड बाजों के साथ निकाली जाएगी अन्य शिवालयों में भी भगवान शिव का श्रंगार कर महाशिवरात्रि उत्सव मनाया जाएगा

महाशिवरात्रि के पर्व पर आकडेश्वर महादेव मंदिर का किया शिलान्यास

पुष्पांजली टुडे रानी पाली। रानी के निकटवर्ती ग्राम दादाई मै महाशिवरात्रि के पवित्र पर्व पर आकडेश्वर महादेव मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास मंदिर के मठाधीश श्री श्री 1008 संदीप नाथ योगी सुरेंद्रनाथ कफलानी साडडा मठ सानिध्य में किया गया। पंडित भंवर महाराज घाणेराव द्वारा मंत्रोचार के साथ शुभ मुहुर्त में विधि विधान से भूमि पूजन कर श्रृद्धालुओं की आस्था रूपी शिवालय का नवनिर्माण के कार्य शुभारंभ हेतु पहल की गई। इस दौरान लोगो ने महाप्रसादी ग्रहण कर क्षेत्र के खुशहाली की कामनाएं की। इस मौके पर गणपत सिंह बालराई जेत सिंह भाटी जीतू भाई अरविंद सिंह विगरला गोपाल सिंह कपूरचंद प्रजापत भीम सिंह ढोला केसाराम माताजी वाड़ा करण सिंह विगरला भगवान सिंह दादाई पुखराज सीरवी दादाई अमरपुरी गोस्वामी महावीर मेड़तिया पुखराज मंदिर निर्माण मुख्य ठेकेदार पन्ना लाल सुथार बिजोवा रणवीर सिंह चाचोडी मांगीलाल राजपुरोहित इटन्दरा चारणान सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

गोरमी व्यापार मंडल ने कांबडियों को कराया स्वल्पहार

रिपोर्टर संतोष सिंह भदोरिया पुष्पांजली टुडे

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवभक्त कांबडियों को जलपान के लिए गोरमी मैंने रोड बाजार में कई स्थानों पर चाय, नाश्ता, पानी, फल आदि की स्टालें लगाकर उनका स्वागत किया और व्रत के स्वल्पहार की व्यवस्था कांबडियों के लिए स्वच्छ जलपान के लिए व्यवस्था कराई उन्होंने कांबडियों के व्रत को ध्यान में रखते हुए स्वल्पहार कराने के लिए कई कार्यकर्ताओं को सड़क किनारे तैनात किया और उन्हें रोक-रोक कर स्वल्पहार कराया इस अवसर गोरमी मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ,संतोष सिंह भदोरिया पत्रकार चंबल संभाग , सुरेश सोनी ,दिनेश श्रीवास, बॉबी जैन , कमलेश जैन , बबली और साथ में सभी व्यापारी मंडल अलावा उनके सहयोगी सुबह से ही कांबडियों की सेवा में तैनात हो गए थे और बुधवार की देर रात्रि तक जब तक कांबरें वहां से निकलती रही, उनकी स्वल्पहार की सेवा में तत्पर रहे।

संक्षिप्त समाचार

महाशिवरात्रि महापर्व को छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ मनाया

ब्रजपाल गुर्जर पुष्पांजली टुडे

इस अवसर पर सभी छात्राओं ने मिलकर मां सरस्वती के साथ-साथ महा देव भोलेनाथ का भी पूजन कर इस पर्व को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया । एस पर्व को पूरे भारत में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है क्योंकि शिव ही सत्य है और जहां सत्य होता है वहां पर शिव है और जहां शिव है वहां सब कुछ अनुकूल है इसके बाद छात्राओं ने अपनी एक वॉलिंटियर दीप्ति शर्मा का भी जन्मदिन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया और सभी छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और सभी छात्राओं ने आपस में चंदन रोली का तिलक लगाकर आपस में इस पर्व की शुभकामनाएं दी । एस कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती गिरजा नरवरिया जी के द्वारा बच्चों को फलाहार की व्यवस्था की और इस कार्यक्रम में सहयोगी एवं मुख्य अतिथि के रूप में श्री आलोक कुमार मिश्रा वनस्पति विभाग एवं श्रीमती वंदना श्रीवास्तव रसायन विभाग ने आकर इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज की । इसी के साथ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री आर के डाबरिया जी एवं समस्त प्राध्यापक गण भी इस अवसर पर उपस्थित होकर सभी छात्राओं को मार्गदर्शक किया ।

चाचोडी मैं मनाया महाशिवरात्रि का पर्व शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

पुष्पांजली टुडे

रानी उपखंड क्षेत्र के.चाचोडीग्राम में महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर दिन भर लोगों ने भूतेश्वर महादेव मंदिर ज्वाले श्वर महादेव मंदिर लहर पुरी जी महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने दर्शन कर मन्नत मांगी। शिवालयों में जलाभिषेक दुग्धाभिषेकअभिषेक सहित विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली को लेकर दर्शन कर मन्नतें मांगी। वही रात्रि में मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। भजनों में शिव महिमा सहित एक से एक बढ़-चढ़कर सुरीले भजन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान महिलाओं व पुरुषों ने मनोकामनाएं पूर्ण करने हेतु अखंड व्रत भी रखा।साथ ही मंदिर पर प्रसाद नारियल अगरबत्ती चढ़ाते हुए दिन भर भोलेनाथ के जय जयकारों के साथ देश में खुशहाली व शांति की कामनाएं की। वही निकटवर्ती मांडल किरवा खरोखडा बालराई खोड सहित आसपास के ग्रामीणों महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

अर्धनारी रुप में जानने वाली किन्नर समाज की गुरुमाता दीदी का

जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया

विनोद पाठक पुष्पांजली टुडे

श्योपुर शिवरात्रि के पावन पर्व पर अर्धनारी शक्ति रुप में जानने वाली श्योपुर जिले की शान किन्नर समाज की गुरु माता कोमल दीदी का जन्मदिन विकलांग बल मध्यप्रदेश जिला श्योपुर ने बड़ी धूमधाम से उनके आश्रम पर जाकर मनाया और सभी विकलांग भाई बहनों ने किन्नर समाज की गुरुमाता कोमल दीदी को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी कोमल दीदी हमेशा विकलांगों के बारे सोचने वाली विकलांगों के हित की आवाज़ उठाने वाली विकलांगों के लिए अपनी ज़मीन पर आश्रम बनाने वाली किन्नर समाज की गुरुमाता कोमल दीदी का जन्मदिन विकलांग भाई बहनों ने उनके आश्रम जाकर केक कटवाया ओर उपहार रूप में साड़ी प्रदान की और साथ मे आश्रम में रहने वाले सभी किन्नर समाज साथियों का मुहँ मीठा कराकर दीदी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया जन्मदिन के शुभ अवसर पर विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक, चम्बल संभाग के महासचिव अफसार अहमद, श्योपुर जिलाध्यक्ष किशन खंडेलवाल, श्रीमती अनीता राठौर, श्रीमती धापू बाई रजक, धरती बाई, भरत शर्मा, संजय वर्मा, सतीश नागर, बबलू बंजारा, मुकेश मीणा, धासीराम प्रजापति, विष्णु प्रजापति, रामराज सुमन धनपाल जाटव, मुबारिक अली, नुरुल हसन हाशमी आदि विकलांग कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे!

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

भिण्ड। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड गजेन्द्र सिंह के कुशल मार्गदर्षन में अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड श्री सुनील दण्डौतिया अध्यक्षता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्र. 01 भिण्ड में उपस्थित बालिकाओं से व्यक्तिगत रूप से चर्चाकर मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तृव्यों तथा बालकों के शिक्षा के अधिकारों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिये जाने के साथ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री देवेश शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड एवं पैरालीगल वालेंटियर्स श्री शैलेन्द्र सिंह परमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसी के साथ ग्राम रजपुरा जिला भिण्ड में भी एक विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

एटा महाशिवरात्रि पर्व कांवड़ियों तथा श्रृद्धालुओं की सुरक्षा को पुलिस और प्रशासन ने किए

सुरक्षा के कड़े बन्दोवस्त, पुलिस प्रबंध तथा यातायात व्यवस्था को लगाया गया

पुष्पांजली टुडे

अतिरिक्त पुलिस बल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री सुनील कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री ओमप्रकाश सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत सभी मंदिरों पर पुलिस चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गयी कैलाश मंदिर से लेकर जनपद के प्राचीन परसौंन शिव मंदिर में भक्तों की उमड़ती भारी संख्या के चलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा पूर्व में ही पर्याप्त मात्रा में पुलिस

बल की तैनाती कर दी गई थी, बम-बम भोले के नारों से गूंज रहे मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण तरीके से जलाभिषेक किया। बागवाला थाना के परसौंन में है प्राचीन शिव मंदिर, प्रतिवर्ष की भांति हजारों की संख्या में इस बार भी श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, परन्तु एसएसपी एटा द्वारा तकरीबन पांच-छ-थानों का फोर्स पूर्व से तैनात किए जाने से स्थिति सामान्य रही, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा जनपदवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उनसे शांति सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गई। अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री ओमप्रकाश सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर श्री इरफान नासिर खान द्वारा सुरक्षा के कड़े बन्दोवस्त किए गए।

गोरमी नगर में भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारम्भ

रिपोर्टर संतोष सिंह भदौरिया पुष्पांजली टुडे

गोरमी। नगर के थाना रोड स्थित प्राचीन धुरकोट मंदिर रंगमंच में आयोजित भागवत कथा जो कि 11 मार्च से 17 मार्च तक आयोजित की जा रही है भागवत कथा के प्रथम दिन नगर के प्राचीन धुरकोट मंदिर से विशाल एवं भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो कि नगर के थाना रोड से मुख्य मार्ग होती हुई कचनाव रोड लालमन मोहल्ला तिवारी मोहल्ला थापक मोहल्ला यादव मोहल्ला होती हुई स्थल पर समाप्त हुई।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चियां एवं पुरुष शामिल थे भागवत कथा का वाचन रावतपुरा सरकार के आचार्य वासुदेव शास्त्री लालपुरा द्वारा किया जाएगा भागवत कथा का आयोजन एक्म यजमान हाकिम राठौर के पिता जन द्वारा किया जा रहा है इस भागवत कथा में आसपास के क्षेत्र के हजारों लोग प्रतिदिन भाग लेंगे आज आयोजित कलश यात्रा में थी बड़ी संख्या में स्थानी राजनेता समाजसेवी पत्रकार एवं जनप्रतिनिधि शामिल थे।

भिंड- गोहद नगर में फेले भीषण जल संकट को देखते हुए कांग्रेस से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रहे देवाशीष जरा रिया ने 1 मार्च को नगर पालिका का

घेराव कर बैसली डैम में पानी पहुंचाने का मांग रखी थी लेकिन पानी नहीं पहुंचा

मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे

तय कार्यक्रम के अनुसार कल 12 मार्च से बैसली बांध के अंदर बैठकर जल सत्याग्रह के दौरान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे इससे पहले विधायक के बंगले पर बैठकर देवासीस जरा रिया ने प्रेस वार्ता ली प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा 135 करोड़ की परियोजना जिसका बार-बार शिलान्यास कर दिया जाता है लेकिन कागजों में नहीं है कलेक्टर को भी बोला है कि डैम के

अंदर अभी पानी नहीं है सूख चुका है इस समय इसकी खुदाई करा दी जाए तो पानी की समस्या का स्थाई हल निकल सकता है यह मामला अब सिर्फ गोहद का नहीं बल्कि भोपाल तक पहुंच चुका है लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही कल 12 मार्च से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठकर आंदोलन किया जाएगा जब तक समाधान नहीं होता डैम में पानी नहीं आता है तब तक दिन रात धरने पर बैठे रहेंगे पूर्व मंत्री के द्वारा अधिकारियों की बैठक लेने पर आरोप लगाते हुए कहा कि कल पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य ने नगर पालिका सभागार में बैठक ली जबकि वह न तो किसी प्रशासनिक पद पर हैं और ना ही संवैधानिक पद पर हैं यह संविधान का उल्लंघन है जब खुद लाल सिंह आर्य तीन बार विधायक रहे मंत्री रहे 15 साल तक सरकार रही अध्यक्ष परिषद मंत्री सभी भाजपा के रहे तब भी समस्या का हल नहीं हुई जिलाधीश को इसमें संज्ञान लेते हुए जो अधिकारी बैठक में गए थे उनको कारण बताओ नोटिस जारी करना चाहिए इस अवसर पर प्रेस वार्ता के दौरान डॉ राजकुमार देश लहरा कैलाश माहोर शैलेंद्र दशरथ सिंह गुर्जर टोनी मुद्दल शामिल रहे।

दैनिक
पुष्पांजली टुडे

जिला प्रशासन ने शनि मेला के लिये किये पुख्ता इंतजाम

समस्त जिलाधिकारी मेला अवधि तक अधीनस्थों के साथ स्वयं उपस्थित रहेंगे - कलेक्टर

मुरैना। 13 मार्च को शनिश्चरी अमावस्या को ध्यान में रखते हुये जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराने के लिये पुख्ता प्रबंध किये है। जिसमें सभी विभागों को जो जिम्मेदारियां सौंपी गई थी, उन जिम्मेदारियां का सभी विभागों ने कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह बात कलेक्टर श्री बी कार्तिकेयन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार पाण्डेय ने गुरूवार को ग्राम ऐंती पर्वत के सभागार में कही। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि शनि मेला समाप्ति तक सभी एचओडी अपने अधीनस्थों के साथ शनि मेले में उपस्थित रहेंगे। किसी भी प्रकार की कहीं कोई लापरवाही होती है तो अधीनस्थों को लेकर उस समस्या का त्वरित गति से निराकरण करेंगे। समीक्षा बैठक में फोरेस्ट विभाग के एसडीओ अनुपस्थित पाये गये, जिससे वन विभाग को सौंपे गये दायित्वों की समीक्षा नहीं हो सकी। इस पर कलेक्टर ने एसडीओ वन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन

कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हंसराज सिंह, अपर कलेक्टर, एसडीएम, आयुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता, शनि समिति के सदस्य श्री शशी गोयल सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने प्रत्येक विभाग को सौंपे गये दायित्वों का बिन्दुवार गहन ध्यन किया और जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण किये गये दायित्वों का उन्होंने मौके पर मुआयना भी किया। उन्होंने कहा कि गर्भगृह के बाहर मेटी लगाई जाये, जिससे तेल आदि फेलने से फिसलन की आशंका न रहे। उन्होंने कहा कि रेल्वे स्टेशन से शनि मंदिर तक प्रकाश और पेयजल के टेंकर मेला प्रारंभ होने से पहले ही लगा दिये जायें। पार्किंग में बैनर, प्रकाश, टेंट और पीए सिस्टम लगा दिये जायें, जिससे पुलिस जवानों को कार्य को सहुलता रहे। पीएचई विभाग गर्मी को ध्यान में रखते हुये पेयजल के पुख्ता प्रबंध करें। स्वास्थ्य विभाग 4 स्थानों पर अस्थाई रूप से अस्पताल स्थापित करें और मेय डॉक्टर एवं एंबूलेंस तथा स्टाफ नर्स के साथ सीएमएचओ उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी सुपरवाइजरों को 8-8 घंटे के मान से शनि मंदिर के गर्भगृह के बाहर ड्यूटी लगाई जायें, जो क्रमबद्ध तरीके से महिलाओं को दर्शन करा सकें। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिये कि शनि मेला में गलती पाई गई तो क्षम्य नहीं होगी। कार्रवाही सीधे जिला अधिकारी पर होगी। पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा है कि सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहें। इसलिये प्रत्येक चैक पॉइंट, पार्किंग, झिक-झिक, गर्भगृह आदि स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाने के निर्देश अधीनस्थों को दिये। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि पुलिस में महिला कर्मियों को भी लगायें। मेले में किसी भी प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिये। शनि मंदिर पर व्हीआईपी दर्शन की व्यवस्था जिला प्रशासन ने की है, लोग भीड़-भाड़ से बचें। इसके लिये व्हीआईपी पास 550 रूपये का मिलेगा। इसके लिये तीन स्थान चिन्हित किये है। व्हीआईपी पास के प्रभारी जिला शिक्षाधिकारी श्री सुभाष शर्मा, डीपीसी श्री मुन्ना सिंह तोमर रहेंगे। व्हीआईपी शनि मंदिर के मुख्य गेट पर, रांसू तिराहा और शनि मंदिर के व्हीआईपी गेट पर शिक्षा विभाग द्वारा यह व्यवस्था रखी है। जो व्यक्ति भीड़ से बचने के लिये व्हीआईपी पास क्रय करके दर्शन कर सकते है।

संक्षिप्त समाचार

जिले में 15 मार्च से होगी समर्थन मूल्य पर चना, सरसों की खरीदी

मुरैना। किसानों को उनके उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिये शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर उपज की खरीद की जाती है। मुरैना जिले में 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर चना, सरसों की खरीदी की जायेगी। इनकी खरीद जिला विपणन संघ द्वारा की जायेगी। इसके लिये जिले में खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें पंजीकृत किसानों से खरीद की जायेगी। शासन द्वारा चना के लिये 5100 रूपये प्रति क्विंटल एवं सरसों के लिये 4650 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। पंजीकृत किसानों को खरीदी के लिये एसएमएस भेजे जा रहे हैं।

शनि मेला तक भारी वाहन (पत्थर वाहन) के आवागमन पर लगा प्रतिबन्ध

मुरैना। ग्राम ऐंती स्थित शनि मंदिर पर शनिचरी अमावस्या पर लगने वाले भव्य विशाल मेला 13 मार्च 2021 को आयोजित होगा। मेला में दूर-दराज से लाखों की संख्या में श्रद्धालुगणों के आने की संभावना है। मंदिर तक पहुंचने के लिए आवागमन के लिए मुख्य मार्ग बानमौर से टेकरी से रिठौराकला, महाराजपुर से शनिचरा मार्ग, नूराबाद, खरगपुर, भर्राड, रंचौली, पढ़ावली, बानमौर, पारोली, महटोली, नूराबाद, रिठौराकलां से शनि मंदिर मार्ग है। जिनके माध्यम से भारी वाहनों का आवागमन होता है। कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने शनि मंदिर पर विशाल मेला के आयोजन के दौरान यातायात अवरूद्ध न हो यातायात शुगम बना रहने को दृष्टिगत रखते हुऐ निषेधाज्ञा, प्रतिबंधात्मक आदेश के अधीन वाहनों के आवागमन पर 11 मार्च से 14 मार्च 2021 तक भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया है।

शांतिपूर्ण निर्वाचन है सर्वोच्च प्राथमिकता : राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह

मुरैना । राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन में कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी और अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा से चर्चा की। श्री सिंह ने कहा कि मतदान के दौरान अतिसंवेदनशील और संवेदनशील मतदान केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाय। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण निर्वाचन सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर नी महाशिवरात्रि

जौरा। पूरे देश की तरह जौरा क्षेत्र में भी महाशिवरात्रि के त्योहार को भक्तगण श्रद्धालुओं द्वारा पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर ग्वालियर अंचल के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सक गजेंद्र सुनील गडकर एवं प्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर केके साहनी द्वारा महा आरती कर पुण्य लाभ लिया 11 मार्च को जोरा क्षेत्र में भक्ति भाव के साथ मनाई गई

महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रातः से ही शिवालयों में भक्त जनों की भारी भीड़ पूजा अर्चना करते देखी गई क्षेत्र के प्रसिद्ध ओम श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर के दरबार में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का नजारा था शाम के समय भोले बाबा के दरबार में महा आरती डॉक्टर गजेंद्र सुनील गडकर एवं उनकी धर्मपत्नी तथा डॉक्टर केके साहनी द्वारा की गई इस दौरान यहां पर श्रद्धालु रवि माहेश्वरी अशोक सिंघल विसन गर्ग दीपक सिंघल अनिल गुप्ता फैशन बाजार राजू माहेश्वरी जयप्रकाश पाराशर संजीव सिंघल राजेश सिंघल सहित सैकड़ों भक्त गण उपस्थित थे महा आरती के बाद वक्त गणों को प्रसादी का वितरण भी किया गया इसी तारतम्य में सदर बाजार में स्थित हनुमान मंदिर एमएस रोड पर स्थित कटी बरी हनुमान मंदिर बाबरी बजरंगबली मंदिर गेवरा धाम सहित क्षेत्र के अन्य महादेव मंदिरों शिवालयों में महाशिवरात्रि के पर्व को मनाया गया मंदिरों में पुरुष भक्तों के अलावा महिला भक्तों की भी भारी भीड़ देखी गई फूल मालाओं के साथ बेलपत्र चला कर भी भोले बाबा की पूजा अर्चना की गई सैकड़ों भक्त जनों ने उपवास भी रखा पूरे क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पर्व को भक्ति के साथ मनाया गया।

ईएमएस/मुकेश शर्मा/ 11 मार्च 2021

शनि अमावस्या पर अमिल्हेड़ा रोड़ शनि मंदिर पर लगेगा मेला

अम्बाह। नगर की अमिल्हेड़ा रोड़ पर स्थित खदरा में नवग्रह शनि मंदिर पर शनि अमावस्या पर 13 मार्च को वैदिक शनि महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, आयोजक महंत श्यामदासी ने बताया कि शनि अमावस्या का दिन शनि जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाएगा ज्ञात रहे कि इस दिन पूजन से पापों से मुक्ति मिलती है शनि अमावस्या के दिन शनिदेव का तेलाभिषेक करने, गरीबों को तिल-काले बर्तन व वत्रों का दान करने का विशेष महत्व है। इस दिन शनि की ढय्या और शनि की साढ़ेसाती होने पर तेलाभिषेक करने से पापों से मुक्ति मिलती है व मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं इस बार आई शनि अमावस्या फागुन मास में आने से विशेषफलदायक है।

मुख्यमंत्री चौहान करेंगे आज लगभग 3300 करोड़ रूपये की योजनाओं का क्रियान्वयन

मुरैना। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मिशन नगरोदय के तहत लगभग 3300 करोड़ रूपये की लागत की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में हितलाभ वितरण और नगरीय अधोसंरचनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। राज्य के नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को गति देने तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों को पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में मिशन नगरोदय कार्यक्रम का आयोजन 12 मार्च को दोपहर एक बजे से 4.30 बजे तक सभी 407 नगरीय निकायों में किया जा रहा है। कार्यक्रम को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह भी संबोधित करेंगे। मिशन नगरोदय कार्यक्रम में आगामी 5 वर्ष के रोड मैप की जानकारी दी जायेगी। मिशन नगरोदय कार्यक्रम में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नगरीय निकायों के विकास कार्यों के लिए लगभग 809 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि दी जाएगी। मिशन के अंतर्गत 12 मार्च को मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना फेस 3 के अंतर्गत अमृत योजनाए स्मार्ट सिटी और निकाय मद के अन्य अधोसंरचनात्मक विकास कार्यक्रमों का भूमि.पूजन और शिलान्यास भी किया जाएगा।

मध्य प्रदेश पत्रकार संघ की जिला कार्यकारणी का गठन

मुरैना। मध्य प्रदेश पत्रकार संघ की इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की कार्यकारणी का गठन संघ के संस्थापक महासचिव राजेश शर्मा,प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र माथुर, प्रदेश अध्यक्ष राज दुबे,प्रदेश सचिव महेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जाबेद खान l,विनोद शर्मा, प्रदेश सचिव,प्रदेश महासचिव सुनील पाठक,प्रदेश सचिव अरबिंद चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मे निर्णय लिया गया।इस बैठक मे आगामी अप्रेल माह में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया का ग्वालियर में प्रदेश सम्मलेन आयोजित करने का निर्णय लिया गया । इस सम्मलेन में केद्रीय मंत्री नरेन्द्र तोमर राज्य सभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर सहित प्रदेश सरकार के मत्रियो को बुलाने का निर्णय लिया गया है।इस मौके पर ग्वालियर संभाग अध्यक्ष नासिर गोरी ,मुरैना जिला अध्यक्ष संजय दीक्षित, इलॉट्रॉनिक अध्यक्ष धर्मबीर सिंह

चौहान ,महासचिव संतोष शर्मा, जबलपुर अध्यक्ष प्रतीक अवस्थी, चम्बल् संभाग सयोजक दीपक श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया है।इस अबसर पर बरिष्ठ पत्रकार राम विद्रोही ,सुरेश सम्राट ,सुरेश शर्मा ,भूपेंद्र साहू ,प्रदीप तोमर,नीरज खेमरिया,गुड्डू मिश्रा,मनोज उपाध्याय,श्रीनिवास शर्मा, देवेंद्र राजपूत,श्याम पाठकl,हमांषु शर्मा,सत्येंद्र तोमर,कृष्ना पडोलिया, सोनू कुशवाह,राजवीर कुशवाह,धर्मेंद्र निगम सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

अंतरराज्जीय कुख्यात बदमाश को पुलिस ने शार्ट इनकाउंटर में किया गिरफ्तार

मुरैना । मुरैना शहर की कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एसपी बंगले के पास लूट की वारदात को दिनदहाड़े अंजाम दिया गया था। जिसमें फरार बदमाशों पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा ?10000 का इनाम घोषित किया गया । फरार बदमाशों के संबंध में आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक ने मुरैना के समस्त थाना प्रभारियों को सघन चेकिंग अभियान के निर्देश दिए गए। तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ बदमाशों का मूवमेंट अंबाह थाना क्षेत्र के बरेह गांव की नहर मार्ग पर देखा गया है। मुखबिर की सूचना पर बरेह गांव की नहर पर चेकिंग पॉइंट लगाकर देखा तो सुबह करीब

5:30 बजे अयोध्यापुरा मार्ग बरेह नहर की पुलिया की तरफ से एक बाइक आती हुई दिखाई दी। तभी आरोपियों ने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी।तभी पुलिस ने भी अपने बचाव में फायर किया गया तो बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति के घुटने में गोली जा लगी और मौके पर बाइक गिर गई। वहीं पुलिस ने घायल व्यक्ति की पहचान कुख्यात अन्तराजीय बदमाश रामप्रीत गुर्जर से की है। कुख्यात बदमाश यूपी, मध्य प्रदेश और राजस्थान में लगभग 50 अपराधों को अंजाम दे चुका है। घुटने को गोली लगने से घायल बदमाश को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मौके पर पुलिस ने एक 32 बोर की पिस्टल और पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पांडे ने प्रेस वार्ता में बताया कि एटीएम कैश बैंक को लूटने वाले बदमाशों की मूवमेंट अंबाह तरफ देखी गई थी।एक मोटरसाइकिल का नंबर मिला था। जिस पर सभी जगह चेकिंग पॉइंट लगाकर कार्रवाई की जा रही थी। तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली 10 हज़ार का इनामी बरेह नहर पर देखा गया है। तभी पुलिस ने चेकिंगपॉइंट लगा कर आरोपी को घेरने की कोशिश की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें पुलिस ने भी अपने बचाव में फायरिंग शुरू कर दी जो बदमाश के पैर में जा लगी। पुलिस ने घायल व्यक्ति का नाम पूछा तो उसने अपना नाम रामप्रीत गुर्जर होना बताया है। घायल घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस बदमाश के रिकॉर्ड खगोल रही है कि किन किन वारदातों को बदमाशों ने अंजाम दिया है। उनके कौन-कौन साथी हैं।जिनके बारे में भी पूछताछ की जाएगी।

क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे लीग मैचों में जयपुर एवं ग्वालियर की टीमें रही विजयी

शिवपुरी। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा द्वितीय अखिल भारतीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 17 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। द्वितीय ऑल इंडिया टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे लीग मैच जयपुर(राजस्थान) विरुद्ध नागपुर (विदर्भ) के बीच खेला गया। राष्ट्रगान के पश्चात मैच प्रारंभ किया गया। जयपुर(राजस्थान) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागपुर(विदर्भ) की पुरी टीम मात्र 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और जयपुर(राजस्थान) ने यह मैच 10 रनों से जीत कर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पुल ''ए'' की पहली टीम बन गई है। इसके साथ ही दूसरा मैच गांधीनगर(गुजरात) एवं जी.डी.सी.ए. ग्वालियर के मध्य खेला गया, गांधीनगर(गुजरात) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गांधीनगर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 100 रन ही बनाएं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जी.डी.सी.ए. ग्वालियर ने 16 ओवर में 2 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। पुल ''ए'' से जयपुर एवं जी.डी.सी.ए. दोनों ही टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि के रूप में सहायक कलेक्टर (आई.ए.एस.) सुश्री काजल जावला द्वारा जी.डी.सी.ए.ग्वालियर के श्रेयांश शर्मा को 42 बॉल पर 57 रन बनाने पर मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री एम.के. धौलपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रतियोगिता लीग मैच के आधार पर खेली जा रही है,। 11 मार्च 2021 को प्रातः 9.00 बजे से गांधीनगर (गुजरात) विरुद्ध नागपुर (विधर्व) के बीच तथा दूसरा मैच दोपहर 1.00 बजे से जयपुर (राजस्थान) विरूद्ध जी.डी.सी.ए. के मध्य खेला जायेगा। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने जिले के समस्त खेल प्रेमियों से अपील की है कि मैच का आनंद लेने हेतु श्रीमंत माधवराव सिंधिया, जिला खेल परिसर पर प्रातः 9.00 से 5.00 बजे तक पधारने का कष्ट करें, प्रतिदिन 20-20 के 02 मैच खेले जायेंगे।

संपादकीय

अरामको पर हमले के मायने

सऊदी अरब की दिग्गज पेट्रोलियम कंपनी अरामको के संयंत्र पर ड्रोन के जरिये हमले की अप्रत्याशित घटना ने भारत समेत समूची दुनिया को हिलाकर रख दिया है। हूती विद्रोहियों ने 14 ड्रोन और 8 बैलेस्टिक मिसाइल से रिफायनरी पर हमला किया। हालांकि मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया गया। मिसाइल के कुछ टुकड़े रहवासी इलाके पर गिरे। अरामको को नुकसान नहीं पहुंचा। इस हमले से भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों पर तत्काल असर नहीं पड़ेगा। हालांकि हमले के बाद कच्चे तेल के दाम सालभर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए। सोमवार को मई डिलीवरी वाला क्रूड ऑयल 1.75 डॉलर की तेजी (+2.6 फीसदी) के साथ 71.37 डॉलर प्रति बैरल हो गया। कोरोना काल के बाद क्रूड का यह सबसे ऊंचा दाम है। इससे पहले 8 जनवरी 2020 को दाम 71 डॉलर पार गए थे। वैश्विक तनाव से क्रूड 73 डॉलर तक पहुंच सकता है। ओपेक और मित्र राष्ट्रों द्वारा उत्पादन न बढ़ाए जाने की बात कहने से भी कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे में निकट भविष्य में तेल के दाम बढ़ सकते हैं। गौरतलब है कि भारत 80 फीसदी तेल आयात करता है। सऊदी से 20 फीसदी तेल खरीदता है। अच्छी बात यह है कि रिफायनरी को नुकसान नहीं हुआ, इसलिए सप्लाई बाधित नहीं होगी। भारत 75 फीसदी तेल एक माह की एवरेज प्राइज पर खरीदता है। एक-दो हफ्ते के रेट में उछाल से खुदरा दाम पर असर नहीं होता। सितंबर 2019 में भी हमले के बाद अरामको में उत्पादन थमा था। तब तेल की कीमतें बढ़ी थीं, लेकिन एक हफ्ते में सामान्य हो गई थीं। हर रिफाइनरी में 10 फीसदी फ्यूल लॉस होता है। क्रूड के दाम बढ़ेंगे तो लॉस प्राइज भी बढ़ेगी। कीमत घटने-बढ़ने में लॉस एवरेज भी मायने रखता है। कंपनियों के मार्जिन पर फर्क पड़ेगा तो भी बोझ उपभोक्ता पर ही आएगा। चुनाव के कारण कंपनियों का मार्जिन कम किया तो चुनाव के बाद वे लॉस एवरेज कवर करेंगी। अगर हमले इस तरह जारी रहे और रिफायनरी को नुकसान पहुंचा तो कच्चे तेल के दामों में 14 डॉलर तक इजाफा हो सकता है। अरामको संयंत्र पर हुए हमले ने भारत की दो सामरिक कमजोरियां उजागर की हैं। पहली, जरूरत का 80 फीसदी से भी अधिक तेल आयात करने वाला भारत अपने वृहद-आर्थिक स्थायित्व के लिए कम एवं स्थिर भाव वाले तेल पर निर्भर बना हुआ है। फिलहाल चालू खाता घाटे की स्थिति काबू में है जो घरेलू मोर्चे पर मांग में भारी कमी होने से है। लेकिन कच्चे तेल का भाव एक डॉलर प्रति बैरल चढ़ने पर भारत का आयात बिल 10 हजार 500 करोड़ रुपए बढ़ जाता है। भारत ने वर्ष 2018-19 में तेल आयात पर 112 अरब डॉलर खर्च किए थे। भारत को कच्चे तेल एवं रसोई गैस का दूसरा बड़ा आपूर्तिकर्ता सऊदी अरब है।

भगवान शिव का त्यौहार है महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। भारत के सभी प्रदेशो में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारिसस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते हैं। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को महाशिव रात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है। शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चैदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया।

तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है। योगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है। माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने

वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्वारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते है। पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव पार्वती जी कैलाश पर्वत पर बैठे थी। उसी समय पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया। संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी त्रयोदशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शिष्य कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अतः उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे शिवलिंग था। जब वह अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था। साथ ही शिवलिंग पर बेल-पत्र भी अपने आप चढ़ते गये। एक पहर रात्रि बीतने पर एक गर्भवती हिरणी पानी पीने आई। उस व्याध ने तीर को धनुष पर चढ़ाया किन्तु हिरणी की कातर वाणी सुनकर उसे इस शर्त पर जाने दिया कि सुबह होने पर वह स्वयं आयेगी। दूसरे पहर में दूसरी हिरणी आई। उसे भी छोड़ दिया। तीसरे पहर भी एक हिरणी आई उसे भी उसने छोड़ दिया और सभी ने यही कहा कि सुबह होने पर मैं आपके पास आऊंगी। चैथे पहर एक हिरण आया। उसने अपनी सारी कथा कह सुनाई कि वे तीनों हिरणियां मेरी स्त्री थी। वे सभी मुझसे मिलने को छटपटा रही थी। इस पर उसको भी छोड़ दिया तथा कुछ और भी बेल-पत्र नीचे गिराये। इससे उसका हृदय बिल्कुल पवित्र, निर्मल तथा कोमल हो गया। प्रातः होने पर वह बेल-पत्र से नीचे उतरा। नीचे उतरने से और भी बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ गये। अतः शिवजी ने प्रसन्न होकर उसके हृदय को इतना कोमल बना दिया कि अपने पुराने पापों को याद करके वह पछताने लगा और जानवरों का वध करने से उसे घृणा हो गई। सुबह वे सभी हिरणियां और हिरण आये।

बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों के लिए करें योजनाबद्ध तैयारी

परिक्षाओं का मौसम चल रहा है। बोर्ड परिक्षाएं भी करीब आ रही हैं। कोरोना महामारी के कारण इस साल छात्रों के स्कूल भी ऑनलाइन रहे हैं। ऐसे में उन्हें परिक्षाओं में बेहतर अंक के लिए और ज्यादा मेहनत करने के साथ ही योजना के अनुसार तैयारी करनी होगी। परीक्षा की तैयारी शुरू करने से पहले आपको अपना टाइमटेबल बनाना चाहिए। ध्यान रखें कि आपका टाइम टेबल पूरी तरह से सिलेबस के आधार पर तैयार किया गया हो। संभव हो तो ऐसे विषय को ज्यादा तरजीह दें जिन्हें आप कठिन मानते हैं।आप उन विषय को भी समय जरूर दें जो आपके लिए आसान है। ऐसा करने से आप तय समय के अंदर ही सभी विषय के सिलेबस को समय दे पाएंगे। आपकी यह रणनीति परीक्षा में बेहतर नंबर लाने में आपकी मदद करेगा। अक्सर ऐसा देखा जाता है कि छात्र परीक्षा की तैयारी के दौरान खाना-पीना भी सही से नहीं लेते। इसका असर भी उनकी सेहत पर ही पड़ता है। ऐसा करने से परीक्षा की तैयारी करते समय आपके बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। लिहाजा आपको चाहिए कि तैयारी करते समय आप पढ़ाई के साथ-साथ आपको अपने खान-पान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। तैयारी करते समय समय-समय पर ब्रेक लेना जरूरी है। पढ़ाई के बीच में लिया जाने वाला यह ब्रेक आपको पहले पढ़ी गई चीजों को दोबारा से दोहराने का मौका देता है. इसके साथ ही यह ब्रेकआपके मेमोरी

को बेहतर करने में भी मददगार होता है. आम तौर पर छात्रों को अपनी पढ़ाई के बीच 10 से 15 मिनट का ब्रेक लेते रहना चाहिए, बोर्ड की तैयारी के दौरान आपके पास सीमित समय होता है। ऐसे में आपको चाहिए कि आप उन विषय की तैयारी पहले शुरू करें जो आपके लिए कठिन हैं। बोर्ड की तैयारी शुरू करते समय छात्र का दिमाग तरोताजा होता है। ऐसे में आपको कठिन विषय की तैयारी में काफी मदद मिलेगी। बोर्ड परीक्षा की तारीखों के नजदीक आते ही अक्सर छात्र तनाव में आ जाते हैं और वह पहले पढ़े हुए चीजों को लेकर भी संदेह में आने लगते है। ऐसे में आपको चाहिए कि आप जरूरत से ज्यादा तनाव न लें। इसका विपरीत असर आपकी ही तैयारी पर भी पड़ता है। इस प्रकार आपका परीक्षा परिणाम बेहतर रहेगा।

विचार मंथन

जीवन सुगमता सूचकांक में इंदौर के शीर्षस्थ होने के मायने

संसाधनों की आवश्यकतानुसार सुलभता मानवीय वृत्तियों को आकर्षित करती रही है। वैश्वीकरण के इस दौर में पर्यावरण क्षरण के साथ जीवनशैली के मापदण्ड बदल गये हैं। पुस्तैनी निवास, नदियां और वनसंपदा जहां कभी मानव सभ्यता को पोषित करते थे वहीं आधुनिकता से प्रभावित जन की मूल आवश्यकताओं ने उसके जीवनशैली को प्रभावित किया है। अब ग्रामव्यवस्था, रीति-रिवाज, पशुपालन, पारिवारिक लगाव जैसी धारणाओं का स्थान बाजारवाद पर आधारित अर्थोपार्जन से पोषित मॉल की संस्कृति ने ले लिया है। जिसने स्मार्ट सिटी के विकल्प को जन्म दिया। तदानुसार जनसुविधाओं को ध्यान में रखकर राज्य की नीतियां निर्धारित होने लगीं। इन्हीं तथ्यों ने शहरीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। राज्य की अनियोजित व्यवस्था के चलते बढ़ते जनसंख्या दवाब से संसाधनों के असमान वितरण के कारण एक बड़ा वर्ग बेरोजगारी, गरीबी, कुपोषण, अस्वस्थ्यता, प्रदूषण, अव्यवस्थित यातायात जैसे विकारों से ग्रस्त हुआ। यहीं से शहरों में मानव जीवनस्तर के मापदण्ड निर्धारित करने की आवश्यकता महसूस हुई। जिससे शहरों में निवास करने की अवधारणा का विचार आया। इस अवधारणा पर केन्द्रीय आवास और शहरी विकास मंत्रालय ने मानव जीवन की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने वाले निर्धारक आंकड़ों को विकास के अनियार्य पैमानों का मापदण्ड बनाया। इसमें शासन, सामाजिक संस्थाओं, आर्थिक एवं भौतिक अवसंरचना शामिल है। इसके आधार पर मूलभूत सुविधाओं की अधोसंरचना जैसे-बिजली, पेयजल, सड़क, शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य ,सेवा, प्रदूषण की स्थिति, व्यापार की सरलता के लिए निर्धारित मापदण्ड सर्वेक्षण के आधार बने। इसके लिए मंत्रालय ने अगस्त 2018 में देश के चयनित 100 स्मार्ट शहरों और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में सर्वाधिक उपयुक्त निवास करने लायक शहर चुने जाने संबंधी सूची जारी की । केन्द्र सरकार ने हाल ही में जीवन सुगमता सूचकांक -2020) जारी किया. इसके मुताबिक देश में 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में रहने के लिए बेंगलुरु सबसे अच्छा शहर है. वहीं 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में शिमला का स्थान सबसे ऊपर है. इस सूचकांक में बेंगलुरु के बाद पुणे दूसरे और अहमदाबाद तीसरे स्थान पर रहा. चेन्नई, सूरत, नवी मुंबई, कोयंबटूर, वडोदरा, इंदौर और ग्रेटर मुंबई भी शीर्ष 10 शहरों में शामिल रहे. '10 लाख से अधिक की आबादी' की इस श्रेणी में जीवन सुगमता सूचकांक में शामिल 49 शहरों में दिल्ली 13वें और श्रीनगर सबसे निचले स्थान पर है । केंद्रीय आवास और शहरी मंत्रालय द्वारा जारी सूचकांक के अनुसार, इंदौर ने 10 लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में 'नगरपालिका प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्ष स्थान हासिल किया. इस श्रेणी में दूसरा स्थान सूरत और तीसरा स्थान भोपाल ने हासिल किया. पिंपरी चिंचवड़, पुणे, अहमदाबाद, रायपुर, ग्रेटर मुंबई, विशाखापतनम और वडोदरा इस श्रेणी में शीर्ष 10 स्थान पर रहे.' 10 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों' की श्रेणी में शिमला शीर्ष पर रहा. इस श्रेणी में भुवनेश्वर दूसरे और सिलवासा तीसरे स्थान पर रहा. काकीनाडा, सेलम, वेल्लोर, गांधीनगर, गुरुग्राम, दावणगेरे और तिरुचिरापल्ली इस श्रेणी में शीर्ष 10 शहरों में शामिल रहे. कुल 62 शहरों की इस श्रेणी में मुजफ्फरपुर सबसे निचले स्थान पर रहा यी दिल्ली नगरपालिका परिषद ने 10 लाख से कम आबादी की श्रेणी में 'नगरपालिका प्रदर्शन सूचकांक' में पहला स्थान हासिल किया. इस श्रेणी में तिरुपति, गांधीनगर, करनाल, सेलम, तिरुपुर, नगरपालिकाओं का बेहतर नियोजन और प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए नगरपालिका कार्य प्रदर्शन सूचकांक में पाँच क्षेत्रों सेवा, वित्त, योजना, प्रौद्योगिकी और शासन के आधार पर नगरपालिकाओं के कार्य प्रदर्शन का आकलन किया जाता है इन पाँच क्षेत्रों को पुनः 20 अन्य क्षेत्रों में विभाजित किया गया है जिनका आकलन 100 संकेतों के आधार पर किया जाता है जिससे प्रशासन में उपज्ञ खामियों को दूर करने में भी मददगार साबित होगा। जीवन सुगमता सूचकांक-2019 तीन प्रमुख स्तंभ - जीवन की गुणवत्ता, आर्थिक क्षमता और स्थिरता के आधार पर नागरिकों के जीवन की सुगमता को निर्धारित करता है। इन तीन स्तंभों को 14 श्रेणियों तथा 50 संकेतकों में विभाजित किया गया है। नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने जीवन सुगमता सूचकांक तथा नगरपालिका कार्य प्रदर्शन सूचकांक .2019 की रूपरेखा प्रस्तुत की। सूचकांकों को तैयार करने के लिये 100 स्मार्ट शहरों और 10 लाख से अधिक आबादी वाले 14 शहरों को शामिल किया नागरिक अवधारणा मूल्यांकनए सर्वेक्षण का एक महत्त्वपूर्ण घटक है क्योंकि यह अप्रत्यक्ष रूप से शहरों में जीवन की गुणवत्ता के संबंध में नागरिकों की धारणा को जान। विभिन्न पहलों के माध्यम से शहरों में हुई प्रगति का आकलन करने एकार्य हेतु योजना बनानेए योजनाओं के बेहतर ढंग से कार्यान्वयन तथा योजनाओं की निगरानी हेतु उपयोग किये जाने वाले माध्यमों के लिये सूचकांकों की रूपरेखा बनाई गई। पहली बार जीवन सुगमता सूचकांक.2019 के मूल्यांकन में नागरिक अवधारणा सर्वेक्षण को भी शामिल किया गया। इन्दौर की निरंतर श्रेष्ठता और उसका शीर्षस्थ होना मिशन के प्रति वहां के नागरिकों की सामूहिक निष्ठा दर्शाती है। इसने न केवल प्रदेश का गौरव बढ़ाया है अपितु कई सन्दर्भों में यह विश्व के लिए अनुकरणीय बन गया है। वहीं भोपाल निगम प्रशासन नागरिकों के कल्याण के लिए निरंतर नवाचारों का अनुगमन करता रहा है। इसमें बोटक्लब पर आयोजित होने वाला दे-ताल भोपाल शामिल है। यह होली-धुलेड़ी की तरह मानवीय उमंगों का प्रतिहर्ष करने जैसे पर्व के समाज है जहां सुरम्य वादियों में अनजाने लोग विविध विधाओं का सहाप्रदर्शन कर अपनत्व प्रदर्शित करते है। इसके साथ ही पेयजल, व्यवस्थित यातायात, हॉकर्स कार्नर, महापौर एक्सप्रेस, स्मार्ट पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधाओं सहित नागरिक समाधान संबंधी भोपाल प्लस एप के लिए अभिनव कार्य किये हैं।

दुनिया के किसी भी टैंक को ध्वस्त कर सकती है 'ध्रुवास्त्र'

मनजीत सिंह

दुश्मन के टैंकों को नेस्तनाबूद करने में सबसे कारगर मानी जाने वाली स्वदेश निर्मित टैंक रोधी मिसाइल हेलिना के नवीनतम संस्करण 'ध्रुवास्त्र' का राजस्थान में पोखरण फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना द्वारा गत दिनों सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल की न्यूनतम और अधिकतम क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए पांच परीक्षण किए गए और स्थिर तथा गतिशील लक्ष्यों पर मिसाइल से निशाना साधा गया, कुछ परीक्षणों में युद्धक हथियारों को भी शामिल किया गया। एक परीक्षण में उड़ते हेलीकॉप्टर से गतिशील लक्ष्य पर निशाना साधा गया। हेलीकॉप्टर ध्रुव से दागी गई देश में ही विकसित ध्रुवास्त्र मिसाइल ने अपने लक्ष्य पर सटीक प्रहार कर उसे नष्ट कर दिया। वायुसेना और डीआरडीओ की टीम पोखरण में तीन दिन से इस मिसाइल के परीक्षण की तैयारियों में जुटी थी। इन सफल परीक्षणों के बाद डीआरडीओ द्वारा भारतीय सेना के लिए ध्रुवास्त्र जैसी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों को तैयार किया जाना डीआरडीओ और सेना के लिए बड़ी उपलब्धि इसलिए माना जा रहा है क्योंकि अब ऐसी आधुनिक एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों के लिए भारत की दूसरे देशों पर निर्भरता कम होती जाएगी। मौजूदा परिस्थितियों में देश को ऐसे हथियारों की जरूरत है, जो सटीक और सस्ते हों और इसके लिए जरूरी है कि देश में ही इन हथियारों का निर्माण हो। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए ही डीआरडीओ स्वदेशी मिसाइलें बना रहा है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक पड़ोसी दुश्मनी के खिलाफ लड़ाई में क्विक रिस्पांस वाली स्वदेशी मिसाइल 'ध्रुवास्त्र' गेमचेंजर साबित हो सकती है। यह मिसाइल न केवल चीन के टैंकों को चंद पलों में ही खाक में मिलाने में सक्षम है बल्कि एलएसी पर चीन के हल्के टैंकों को तो खिलौनों की भांति नेस्तनाबूद कर सकती है। स्वदेशी हेलीकॉप्टर ध्रुव तथा अन्य हल्के हेलीकॉप्टरों में फिट होने के बाद यह मिसाइल दुश्मन के टैंकों के लिए काल बन जाएगी और इस तरह जमीनी लड़ाई का रूख बदलने में अहम भूमिका निभाने के कारण यह भारतीय सेना के लिए बेहद कारगर साबित होगी।

दुनिया में सबसे आधुनिक टैंक रोधी हथियारों में शामिल इस मिसाइल को सेना और वायुसेना में शामिल किया जाएगा। ध्रुवास्त्र नाम की हेलिना हथियार प्रणाली के एक संस्करण को भारतीय वायुसेना में शामिल किया जा रहा है, जिसका इस्तेमाल ध्रुव हेलिकॉप्टर के साथ किया जाएगा। अपने लक्ष्य को बेहद सटीकता से नष्ट करने के बाद अब इसे बहुत जल्द सेना के हेलिकॉप्टरों में लगाया जा सकेगा, साथ ही इसका उपयोग एचएएल रूद्र तथा एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर्स में भी होगा। यह मिसाइल दुनिया के किसी भी टैंक को उड़ा सकती है और रणक्षेत्र में आगे बढ़ते दुश्मन के टैंकों को बारी-बारी से ध्वस्त करने में पूर्ण रूप से सक्षम है। तीसरी पीढ़ी की 'दागो और भूल जाओ' तकनीक पर काम करने वाली देश में ही विकसित इस मिसाइल को ध्रुवास्त्र नाम दिया गया है। नाग पीढ़ी की इस मिसाइल को हेलिकॉप्टर से दागे जाने के कारण इसे हेलिना नाम दिया गया था। ध्रुवास्त्र को आसमान से सीधे दागकर दुश्मन के बंकर, बख्तरबंद गाड़ियों और टैंकों को पलभर में ही नष्ट किया जा सकता है। यह मिसाइल दुनिया के सबसे आधुनिक एंटी-टैंक हथियारों में से एक है और इसे हेलीकॉप्टर से लांच किया जा सकता है। डीआरडीओ के मुताबिक ध्रुवास्त्र तीसरी पीढ़ी की 'दागो और भूल जाओ' किस्म की टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली है, जिसे आधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर पर स्थापित किया गया है। हल्के हेलीकॉप्टर पर स्थापित करने से इसकी मारक क्षमता काफी बढ़ जाएगी। स्वदेश निर्मित इस मिसाइल का नाम पहले 'नाग' था, जिसे अब ध्रुवास्त्र कर दिया गया है। वास्तव में यह सेना के बेड़े में पहले से शामिल नाग मिसाइल का उन्नत संस्करण है। इसका इस्तेमाल भारतीय सेना के स्वदेश निर्मित अटैक हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' के साथ किया जाएगा, इसीलिए इसका नाम 'ध्रुवास्त्र' रखा गया है। इस मिसाइल से लैस होने के बाद ध्रुव हेलिकॉप्टर 'ध्रुव मिसाइल अटैक हेलीकॉप्टर' बन जाएगा। दरअसल सेना की इस नई मिसाइल का मूलमंत्र ही है 'सिर्फ दागो और भूल जाओ'। ध्रुवास्त्र मिसाइल पलक झपकते ही दुश्मन के टैंकों के परखच्चे उड़ा सकती है। पूर्ण रूप से स्वदेशी ध्रुवास्त्र मिसाइल 230 मीटर प्रति सैकेंड अर्थात् 828 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलती है और मिसाइल की यह गति इतनी है कि पलक झपकते ही दुश्मन के भारी से भारी टैंक को बर्बाद कर सकती है। 'फायर एंड फॉरगेट' सिस्टम पर कार्य करने वाली यह मिसाइल भारत की पुरानी मिसाइल 'नाग हेलीना' का हेलीकॉप्टर संस्करण है, जिसमें कई नई तकनीकों का समावेश करते हुए इसे आज की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक इस मिसाइल प्रणाली में डीआरडीओ द्वारा एक से बढ़कर एक आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। मिसाइल में हीट सेंसर, इंफ्रारेड होमिंग इमेजिंग प्रणाली तथा मिलीमीटर वेव एक्टिव रडार लगा हुआ है। हीट सेंसर किसी भी टैंक की गर्मी पकड़कर अपनी दिशा निर्धारित कर उसे तबाह कर देता है। इंफ्रारेड इमेजिंग का फायदा रात और खराब मौसम में मिलता है। रक्षा विशेषज्ञ ध्रुवास्त्र की विशेषताओं को देखते हुए इसे 'भारत के ब्रह्मास्त्र' की संज्ञा भी दे रहे हैं। भारतीय सेना में इसके शामिल होने के बाद उम्मीद की जा रही है कि इससे न केवल सीमा पर दुश्मन देश की सेना के मुकाबले हमारी सेना की क्षमताओं में बढ़ोतरी होगी बल्कि मेक इन इंडिया मुहिम के तहत निर्मित ऐसे खतरनाक और अत्याधुनिक हथियारों के बलबूते भारतीय सेना का हौंसला भी काफी बढ़ेगा। 500 मीटर से 7 किलोमीटर के बीच मारक क्षमता वाली यह बेहद शक्तिशाली स्वदेशी मिसाइल दुश्मन के किसी भी टैंक को देखते ही देखते खत्म करने की ताकत रखती है। हालांकि सात किलोमीटर तक की इस क्षमता को ज्यादा बड़ा नहीं माना जाता लेकिन रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि धीरे-धीरे इस क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। 230 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार से लक्ष्य पर निशाना साधने में सक्षम इस मिसाइल की लम्बाई 1.9 मीटर, व्यास 0.16 मीटर और वजन 45 किलोग्राम है। इसमें 8 किलोग्राम विस्फोटक लगाकर इसे बेहतरीन मारक मिसाइल बनाया जा सकता है। ध्रुवास्त्र मिसाइल दोनों तरह से अपने टारगेट पर हमला करने के अलावा टॉप अटैक मोड में भी कार्य करने में सक्षम है। इस मिसाइल की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह दुर्गम स्थानों पर भी दुश्मनों के टैंकों के आसानी से परखच्चे उड़ा सकती है। इस टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली में एक तीसरी पीढ़ी की एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'नाग' के साथ मिसाइल कैरियर व्हीकल भी है। यह टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली हर प्रकार के मौसम में दिन-रात यानी किसी भी समय अपना पराक्रम दिखाने में सक्षम है और न केवल पारम्परिक रक्षा कवच वाले युद्धक टैंकों को बल्कि विस्फोटकों से बचाव के लिए कवच वाले टैंकों को भी नेस्तनाबूद कर सकती है।

संतरा खाने से कई फायदे, कोरोना के साथ इन बीमारियों से रहेगा बचाव

सर्दियों में लोग संतरा खाना खूब पसंद करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आपकी सेहत के लिए किसी रामबाण औषधी से कम नहीं है. कोरोना काल में संतरा खाना तो और भी फायदेमंद है क्योंकि इसमें विटामिन सी भरपूर होता है, जिससे इम्यूनिटी बढ़ती है. चलिए हम आपको बताते हैं कि संतरा खाने से आपको क्या-क्या फायदे हो सकते हैं.

सर्दी-जुकाम- विटामिन सी से भरपूर संतरा खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है, जिससे सर्दी-खांसी , कफ, गले में खराश, वायरस फीवर जैसी समस्याएं दूर रहती हैं.

ब्लड प्रेशर कंट्रोल- इसमें फाइबर और सोडियम होता है, जिससे ब्लड प्रेशर के साथ शुगर भी कंट्रोल रहती है. इसलिए डायबिटीज मरीजों के लिए संतरा फायदेमंद है.

कैंसर- इसमें लाइमोनिन होता है जो शरीर में कैंसर सेल्स को बढ़ने नहीं देता. वहीं एक स्टडी के मुताबिक, रोजाना 1 संतरा खाने से ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कम होता है.

किडनी की पथरी- अगर आपको किडनी स्टोर की समस्या है तो रोजाना 1 गिलास संतरे के जूस में काला नमक डालकर

पीएं. इससे 2-3 हफ्ते में ही पथरी पिघलकर बाहर आ जाएगी.

कोलेस्ट्रॉल को करे कम- संतरे में पेक्टिन नामक घुलनशील फाइबर होता है जो कोलेस्ट्रॉल ब्लड स्ट्रीम में अवशोषित हो जाता है और इसे कंट्रोल में रखता है.

फ्लॉलेस स्किन- बीटा-कैरोटीन व विटामिन सी से भरपूर संतरा त्वचा में कोलेजन का स्तर बढ़ाता है, जिससे त्वचा में कसावट आती है और आप झुर्रियां, झाइयां जैसी समस्याओं से बचे रहती हैं.

दिल को रखे स्वस्थ- इसमें एंटीऑक्सिडेंट, फोलेट, पोटेशियम, विटामिन बी 9 और अमीनो एसिड होता है. यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने के साथ धमनियों में खून का थक्का नहीं बनने देता है, जिससे दिल की बीमारियों का आशंका कम होती है.

गठिया दर्द में फायदेमंद- एक अध्ययन के मुताबिक, रोजाना 3-4 संतरे खाने से रुमेटाइड आर्थराइटिस का जोखिम कम होता है. साथ ही यह गठिया व जोड़ों में दर्द, सूजन कम करने में भी मददगार है.

गुणों की खान है स्ट्रॉबेरी, इन 8 बीमारियों से रहेगा बचाव

स्ट्रॉबेरी खाने में टेस्टी होने के साथ कई पोषक गुणों से भरपूर होती है. नियमित रूप से इसका सेवन करने से इम्यूनिटी लेवल बढ़ने के साथ बीमारियों से बचाव रहता है. इसमें विटामिन, कैल्शियम, आयरन, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-कैंसर, एंटी-एजिंग गुण होने से डायबिटीज, ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहने के साथ कैंसर जैसा गंभीर रोग लगने का खतरा कम रहता है. तो आइए जानते हैं इसके सेवन से मिलने वाले अन्य फायदों के बारे में...

1. कैंसर से बचाव: छइसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-कैंसर गुण कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव करते है. यह शरीर में कैंसर की कोशिकाएं बनने से रोकती है. ऐसे में इस रोग की चपेट में आने का खतरा कम रहता है.

2. कब्ज से दिलाए राहत: कब्ज से परेशान लोगों को स्ट्रॉबेरी का सेवन जरूर करना चाहिए. इससे कब्ज की परेशानी दूर हो पाचन तंत्र मजबूत होने में मदद मिलती है. साथ ही पेट दर्द, एसिडिटी की परेशानी दूर होती है.

3. दिल की बीमारियां: इसमें मौजूद फ्लेवोनॉयड्स और एटीऑक्सीडेंट्स शरीर से बैड कोलेस्ट्रॉल कम करने में

मदद करते हैं. इससे धमनियां ब्लॉक होने से बचाव रहता हैं. ऐसे में दिल स्वस्थ होने से इससे जुड़ी बीमारियों के लगने का खतरा कम रहता है.

4. डायबिटीज करे कंट्रोल: डायबिटीज के मरीजों के लिए स्ट्रॉबेरी का सेवन करना फायदेमंद होता है. इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण शरीर में ग्लोकोज लेवल को नियंत्रण रखते हैं. ऐसे में खासतौर पर टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम रहता है.

5. वजन रखे कंट्रोल: स्ट्रॉबेरी में अन्य पोषक तत्वों के साथ अधिक मात्रा में फाइबर होता है. इसका सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है. ऐसे में वजन बढ़ने की परेशानी कम रहती है. साथ ही वजन बढ़ने से होने वाली बीमारियों से बचाव रहता है. इसलिए जो लोग अपने बड़े हुए वजन से परेशान हैं उन्हें अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए.

6. स्ट्रांग इम्यूनिटी

कोरोना कहर से बचने के लिए सभी को अपनी इम्यूनिटी स्ट्रांग करने की सलाह दी जा रही है. ऐसे में स्ट्रॉबेरी का सेवन करना बेस्ट ऑप्शन है. इसमें विटामिन, कैल्शियम, आयरन, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं. इसका सेवन करने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है. ऐसे में सर्दी-जुकाम, खांसी व मौसमी बीमारियों से बचाव रहता है. ?

7. मजबूत मांसपेशियां व हड्डियां: विटामिन-सी, डी व कैल्शियम का उचित स्त्रोत होने इससे मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आती है. जोड़ों व शरीर के अन्य हिस्सों में दर्द की शिकायत दूर हो बेहतर तरीके से विकास होने में मदद मिलती है.

8. स्किन के लिए फायदेमंद: इसमें मौजूद एंटी-एजिंग गुण होने से स्किन से जुड़ी समस्याएं दूर होती है ?. चेहरे पर पड़े दाग-धब्बे, झाइयां, झुर्रियां दूर हो गुलाबी निखार आने में मदद मिलती है. साथ ही त्वचा जवां नजर आती है. आप चाहें तो स्ट्रॉबेरी को मिक्सी में पीस कर दूध मिलाकर इसका फेसपैक बनाकर भी लगा सकती है. ?

अगर शिमला जाएं तो नारकंडा जरूर घूमकर आएं

हिमचाल प्रदेश अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं. खासकर शिमला आकर्षण का केंद्र रहा है. शिमला को पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है. यह प्रदेश की राजधानी के साथ-साथ सबसे बड़ा शहर भी है. हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक शिमला आते हैं. इस शहर के साथ ही एक और पर्यटन स्थल हैं, जिसका नाम नारकंडा है. यह छोटा सा शहर हिमालय की गोद में बसा है जो अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और देश के सबसे पहले स्कीइंग डेस्टिनेशन के लिए जाना जाता है. पर्यटन के हिसाब से देखा जाए तो यह सबसे बढ़िया डेस्टिनेशन है. अगर आप कभी शिमला जाते हैं तो नारकंडा जरूर जाएं. आइए, नारकंडा के बारे में विस्तार से जानते हैं- पहाड़ों की रानी शिमला से नारकंडा की दूरी महज 65 किलोमीटर है. आप आसानी से शिमला से नारकंडा 2 घंटे में पहुंच सकते हैं. नारकंडा समुद्र तल से 2,700 मीटर की ऊंचाई पर बसा है, जिसके चारों ओर पर्वत की श्रृंखला और हरियाली है. सर्दी के मौसम में यहां पर स्कीइंग की जाती है. इसलिए नरकंडा सालों भर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है. इस जगह को फलों का कटोरा भी कहा जाता है. आपको नारकंडा की सड़कों पर सेब, चेरी और देवदार के पेड़ देखने को मिल जाएंगे. साथ ही जंगली ताड़ के पेड़, लैवेंडर के सफ़ेद फूल भी देखने को मिलते हैं जो नारकंडा की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं.अगर आप नारकंडा की खूबसूरती को नजदीक से देखना चाहते हैं तो आप शिमला से नारकंडा की दूरी सड़क से तय करें. यह एक अनोखा और सुखद अनुभव रहेगा.

हाटू पीक-भीम का चूल्हा- यह नारकंडा की सबसे मशहूर जगह है. इस जगह पर हाटू माता मंदिर है. इस मंदिर के बारे में ऐसा कहा जाता है कि रावण की पत्नी मंदोदरी हाटू माता की भक्त थीं और उन्होंने ही इस मंदिर को बनवाया था. इस मंदिर स्थल पर आप हिमालय की सभी दिशाओं का दर्शन कर पाएंगे. जबकि पास में ही भीम का चूल्हा भी है. इसके साथ ही इस जगह पर स्कीइंग की जाती है. आप स्कीइंग का भी आनंद ले सकते

मानुषी छिल्लर की तस्वीर मीडिया पर वायरल

मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली मानुषी छिल्लर इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। मानुषी छिल्लर फिल्म पृथ्वीराज चौहान के जरिए बॉलीवुड में भी डेब्यू करने वाली हैं। हाल ही में उनकी एक फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है, जिसमें वह पूल में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। फोटो को अभी तक 2 लाख से भी ज्यादा बार लाइक किया जा चुका है, साथ फोटो को लेकर फैंस भी जमकर कमेंट कर रहे हैं। मानुषी छिल्लर ने अपनी फोटो को शेयर करते हुए लिखा, मैं क्लोरीन वाटर की मछली...मानुषी छिल्लर की तस्वीर को फैंस से भी खूब प्यार मिल रहा है। अपनी फोटो में मिस वर्ल्ड जबरदस्त अंदाज में पोज करती हुई दिखाई दे रही हैं, इसमें उनका लुक भी वाकई में तारीफ के लायक है।

शूटिंग से लिया ब्रेक, बोट राइड पर निकले शाहरुख

मुंबई । बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान अपनी फिल्म पठान की शूटिंग से ब्रेक लेकर बोट राइड पर निकले। वे एक स्पीड बोड में बैठे और अलीबाग की ओर निकल गए। शाहरुख की वोट राइड का वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इस दौरान उन्होंने ऑलिव कलर की हुडी पहनी थी और मुंह पर ब्लैक कलर का मास्क और आंखों में गॉग्लस लगाया हुआ था।मशहूर पैपराजी मानव मंगलानी ने ये वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने शाहरुख खान के लुक का एक कोलाज भी शेयर किया है।फिल्म %पठान% की शूटिंग 18 नवंबर से शुरू हो गई हैं। फिल्म में शाहरुख संग जॉन अब्राहम और दीपिका पादुकोण भी काम करने जा रहे हैं। फिल्म में बताया जा रहा है कि सलमान खान का भी कैमियो होगा। वे शाहरुख की इस मेगा बजट फिल्म के लिए अलग से 12 दिन निकालने जा रहे हैं। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं जो इससे पहले वॉर जैसी सुपरहिट फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं। वहीं, %पठान% के अलावा एक्टर राजुकमार हिरानी और साउथ फिल्ममेकर एटली संग फिल्में करने जा रहे हैं। ये पहली बार होगा जब शाहरुख किसी साउथ के डायरेक्टर के साथ का में करेंगे। फिल्म में शाहरुख डबल रोल में नजर आएंगे, जहां वह बाप और बेटे दोनों का किरदार निभाएंगे। बता दें ?कि शाहरुख खान के फैंस बड़े पर्दे पर उनकी वापसी का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। आईपीएल में दिखे उनके बदले लुक्स के बाद फैंस उनकी फिल्म के लिए खासा एक्साइटेड हैं।

अच्छी परवरिश प्रियंका की सफलता का राज

देश और विदेश में बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपने काम के साथ-साथ अपने अंदाज से भी लोगों का दिल जीता है। हाल ही में उन्होंने अपने व्य?क्तिव को लेकर बात की। उन्होंने कहा ?कि उनके व्यक्तित्व को आकार देने में उनकी परवरिश की भूमिका अहम है। अभिनेत्री ने कहा ?कि ÷मैं पारंपरिक भारत व इसमें समाहित प्राचीन ज्ञान और मॉर्डन इंडिया व इसकी शहरी भागदौड़ के सम्मिश्रण से बनी हूं। मेरी परवरिश दो भारतीयों के साथ-साथ पूरब और पश्चिम का मेल है।÷ बता दें ?कि वर्कफ्रंट पर प्रियंका नेटफ्लिक्स में रिलीज होने वाली अपनी आगामी फिल्म %द व्हाइट टाइगर% के काम में व्यस्त हैं। इस फिल्म में प्रियंका के साथ अभिनेता राजकुमार राव भी हैं। इसके अलावा, प्रियंका रॉबर्ट रॉड्रिग्ज की अगली सुपरहीरो फिल्म %वी कैन बी हीरोज% में भी दिखाई देंगी। इस बीच, प्रियंका का संस्मरण %अनफिनिश्ड ÷ अ मेमॉयर% भी पूरी तरह से तैयार है, जिसे अगले साल जनवरी में जनवरी में जारी किया जाएगा।

ज्ञान, भक्ति एवं कर्म का संगम है रावतपुरा धाम

रावतपुरा धाम को तीर्थ पर्यटक सर्किट से जोड़ा जायेगा : मुख्यमंत्री चौहान

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रावतपुरा धाम एक अदभुत पवित्र धार्मिक तीर्थ स्थल है। इसे तीर्थ पर्यटक सर्किट में जोड़ा जायेगा। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं के लिये सामुदायिक भवन की व्यवस्था की जाकर धाम में पेयजल की समस्या को भी दूर किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान गुरूवार को भिण्ड जिले के रावतपुरा धाम में 3 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 85 फीट ऊँची आदिदेव शिव प्रतिमा के अनावरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान, राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नगरीय विकास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद श्रीमती संध्या राय, सांसद केपीएस यादव, सांसद वीरेन्द्र खटीक, विधायक सर्वश्री वीरेन्द्र रघुवंशी, श्रीमती रक्षा सिरोनिया, हरीशंकर खटीक, मुकेश चौधरी, राधेलाल रावत, नरेन्द्र सिंह कुशवाह,

रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के महाराज रविशंकर जी सहित जन-प्रतिनिधि, नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शिवरात्रि पर्व की सभी को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि आज के पवित्र दिन आदिदेव शिव की प्रतिमा के अनावरण के दौरान विशाल स्वरूप में भगवान शिव के दर्शन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मानव के जीवन का अंतिम लक्ष्य ईश्वर को प्राप्त करना है। इसके लिए तीन मार्ग हैं, जिनमें ज्ञान मार्ग के माध्यम से वेद, पुराण उपनिषद एवं गीता के माध्यम से ज्ञान अर्जित करना है। जबकि दूसरा मार्ग ईश्वर की भक्ति का और तीसरा कर्म मार्ग का है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कर्म मार्ग के रूप में ईश्वर ने मनुष्य को जिस रूप में कार्य करने का अवसर दिया है, उसे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें। उन्होंने कहा कि ज्ञान, भक्ति एवं कर्म के त्रिवेणी का संगम रावतपुरा धाम है। राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि रावतपुरा धाम में आकर काफी सकुन मिला है। ऐसा लग रहा है कि यहाँ प्रभु के चरणों में उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि रावतपुरा सरकार धार्मिक स्थलों का एक केन्द्र बन चुका है। भगवान शिव की 85 फीट ऊँची प्रतिमा के यहाँ आकर दर्शन करने का अवसर मिला है। श्री सिंधिया ने कहा कि इस भव्य एवं विशाल प्रतिमा को बनाने वाले कारीगरों एवं शिल्पियों का भी विशेष योगदान रहा है। श्री सिंधिया ने कहा कि रावतपुरा सरकार चिकित्सा, शिक्षा एवं समाज-सेवा के क्षेत्र में पूरे मध्यप्रदेश में महत्वपूर्ण उदाहारण प्रस्तुत कर रहा है। खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली है कि रावतपुरा धाम में भगवान शिव की विशाल प्रतिमा के दर्शन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि रावतपुरा सरकार मध्यप्रदेश ही नहीं, पूरे देश के अंदर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर अनूठा उदाहारण प्रस्तुत कर रहा है। यहाँ आने से जो प्रेरणा मिलती है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि रावतपुरा धाम आकर चारों धामों के दर्शन करने जैसा अहसास होता है। रावतपुरा धाम धर्म, संस्कृति एवं संस्कार देने का एक बड़ा केन्द्र बन रहा है। रावतपुरा धाम के गुरूदेव रविशंकर ने बताया कि रावतपुरा धाम में स्थापित शिव प्रतिमा के समान ही 11 अन्य स्थानों पर भी वर्ष 2030 तक प्रतिमा स्थापित की जायेगी।

महिला अपराध शाखा और अटल बिहारी वाजपेई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के मध्य हुआ करार

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में आज मंत्रालय में पुलिस मुख्यालय और अटल बिहारी वाजपेई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के मध्य अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए। यह अनुबंध प्रदेश में बालिकाओं के अपहरण और व्यपहरण के मामलों की रोकथाम का अध्ययन कर सुझाव के लिए किया गया है। संस्थान ऐसे प्रकरणों के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। पुलिस मुख्यालय की महिला अपराध शाखा की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव और अटल सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के निदेशक गिरीश शर्मा ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में 08 फरवरी 2021 को कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक कॉफ्रेंस में गुम तथा अपहृत बालिकाओं के प्रकरण मे चिंता व्यक्त करते हुए इन प्रकरणों में बच्चियों के गुम होने के कारणों, पुलिस की कार्यवाहीं एवं बच्चियों के पुर्नवास हेतु विस्तृत अध्ययन कर इनकी रोकथाम के लिये सुझाव व नीतिगत अनुशंसाएं प्रस्तावित करने हेतु निर्देशित किया गया था। इन्हीं निर्देशों के तारतम्य में गृह विभाग द्वारा इस अध्ययन हेतु अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्?लेषण संस्थान को चिन्हित किया गया था। इस दौरान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव गृह डॉ राजेश राजौरा तथा पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री चौहान करेंगे आजादी का अमृत महोत्सव अभियान का शुभारंभ

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत की आजादी के 75वें वर्ष को पूरे प्रदेश में समारोहपूर्वक मनाने के लिये आजादी का अमृत महोत्सव अभियान चलेगा। अभियान की शुरूआत 12 मार्च से होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में जिला मुख्यालयों सहित उन स्थानों पर जहाँ स्वतंत्रता आंदोलन संघर्ष की अमर-गाथाएँ विद्यमान हैं, वहाँ पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राजधानी मुख्यालय में मुख्यमंत्री श्री चौहान 12 मार्च को प्रातः 10 बजे शौर्य स्मारक भोपाल में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान शौर्य स्मारक में भारत माता प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर शौर्य स्तंभ पर शहीदों के सम्मान में पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने दिल्ली एम्स में लिया कोरोना वैक्सीन का पहला डोज

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज बुधवार को दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) पहुंचकर कोरोना वायरस के टीके का पहला डोज लिया। श्री शर्मा ने इसकी जानकारी ट्वीट के माध्यम से दी। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से भी वैक्सीन लगवाकर भारत और मध्यप्रदेश को कोरोना मुक्त बनाने की अपील भी की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा दिल्ली प्रवास पर हैं। अपने प्रवास के दौरान श्री शर्मा सुबह दिल्ली के एम्स अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने कोरोना वायरस के टीके का पहला डोज लिया। टीका लगवाने के बाद श्री शर्मा ने कहा कि कोविड-19

महामारी के खिलाफ देशभर में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में 2 करोड़ से अधिक लोगों को टीका लग चुका है। इतना ही नहीं भारत द्वारा 6.5 करोड़ से अधिक वैक्सीन विश्व के 47 देशों को उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि भारत कोरोना मुक्त हो इसके लिये आमजन भी बिना किसी आशंका के कोरोना की वैक्सीन लगवायें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी टीकाकरण अभियान में सहयोग करेगी, जिसके लिये पार्टी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता घर-घर संपर्क और हेल्प डेस्क लगाकर आमजन का सहयोग करेंगे। कोरोना वायरस का टीका लगवाने के बाद श्री शर्मा ने इतने कम समय में स्वदेशी वैक्सीन बनाने वाले भारतीय वैज्ञानिकों को बधाई दी एवं टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में जुटे स्वास्थ्य कर्मचारियों को धन्यवाद भी दिया।

देश का पहला म्यूजियम बिनाले में शामिल होगा मानव संग्रहालय

भोपाल। बिहार संग्रहालय, पटना द्वारा बिहार दिवस के मौके पर दिनांक 22 से 28 मार्च तक पटना के बिहार म?यूजियम मे देश का पहला म?यूजियम बिनाले आयोजित किया जा रहा है। इस बिनाले में मानव संग्रहालय भी अपने संग्रह से प्रादर्श प्रदर्शित कर रहा है। प्रादर्शो में सम्मिलित हैं- राही- विवाह पालकी, दीपारानी- बेल मेटल से निर्मित आकर्षक दीपक, रानीमाला- नागा मुखिया की पत्नी का हार, मशवासी और बंजारा- देव गोंड जनजाति की पेंटिंग, बानम-संथाल समुदाय का तंतु वाद्य यंत्र, आंगस चेयर-गांव

के मुखिया की लकड़ी से निर्मित कुर्सी, सीता स्वयंवर और कोहवर - कैनवास पर निर्मित सीता स्वयंवर की पेंटिंग और कोहवर, मैडनम एडम पेनु- लकड़ी के पैनल पर नृत्य करती हुई महिला की कार्विंग, देवनारायण गाथा कावड़- लकड़ी के पैनल पर देवनारायण की कथा को दर्शाता हुआ चलित मंदिर, पटरा- लकड़ी की पेटी, नगाड़ा- एक वाद्य यंत्र, सेपा- मछली पकड़ने की जाल, पेरक नलन- लद्दाखी महिलाओं के सर का आभूषण। मानव संग्रहालय के अलावा इसमे देश के लगभग 12 संग्रहालय अपनी प्रादर्शो के माध्?यम से अपने संग्रह की कहानियां प्र?तुत करेंगे। पटना स्थित बिहार म?यूजियम मे 22 से 28 मार्च तक दर्शक लाइव स?ट्रीमिंग से वर्चूअल टूर के जरिए देश विदेश के इन मशहूर संग्रहालय को देख सकेंगे।

अनुगूंज 2021 का आयोजन 12 और 13 मार्च को

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित नृत्य, संगीत एवं नाट्य समारोह अनुगूंज 2021 का शुभारंभ करेंगे। शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में कला से समृद्ध शिक्षा अनुगूंज 2021 समारोह 12 फरवरी को सायं 6:30 बजे होगा। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार समारोह की अध्यक्षता करेंगे। एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा पर अनुगूंज 2021 का आयोजन 12 एवं 13 मार्च को किया जा रहा है। उप सचिव श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि अनुगूंज समारोह स्कूल शिक्षा विभाग का एक रचनात्मक प्रयास है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ उनके रचनात्मक और सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। कार्यक्रम के दौरान कोरोना गाइडलाइन और आवश्यक सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री चौहान ने महा शिवरात्रि पर की पूजा-अर्चना

भोपाल । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज महाशिवरात्रि पर पुराने भोपाल शहर में भवानी चौक सोमवारा के पास बड़वाले महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां शिवअभिषेक और पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अनेक भक्तगण से भी मिले और उन्हें महाशिवरात्रि पर्व की बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंदिर परिसर में जनता से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भगवान शिव के रथ को खींचा। वे शिव जी की

बारात में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान साथ थीं। इस अवसर पर श्री आलोक शर्मा, अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

विधानसभा में माननीयों को पढ़ाया जाएगा सभ्यता का पाठ

-विधानसभा सचिवालय ने तैयार किया एक डॉक्यूमेंट, अब नहीं बोल सकेंगे पप्पू, मंदबुद्धि और झूठा...

भोपाल। एमपी की विधानसभा में अक्सर सुनाई देने वाले अर्ससंदीय शब्दों को विलोपित कर दिया जाता है। कई बार बहस के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोकझोंक होती है और माननीय विधायक सदन की गरिमा और मर्यादा भूलकर एक दूसरे के लिए असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल कर देते हैं। हालांकि बाद में ऐसे अपशब्दों को सदन की कार्यवाही से विलोपित कर दिया जाता है, लेकिन अब विधानसभा सचिवालय अमर्यादित शब्दों के इस्तेमाल पर रोक लगाने की तैयारी में है। इसके लिए एक डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा और विधायकों को बताया जाएगा कि सदन की कार्यवाही के दौरान माननीय कौन से शब्दों का इस्तेमाल ना करें। विधानसभा सचिवालय में संविधान आर्टिकल के तहत इस बात की जानकारी है कि विधायकों को विधानसभा में इस तरह

की आजादी नहीं है कि कार्रवाई के दौरान अनुशासन तोड़ किसी भी तरह के असंसदीय शब्दों और जुमलो का इस्तेमाल करें। बहस में अपमानजनक असंसदीय, असवेदनशील शब्दों का इस्तेमाल न करने की हिदायत होती है। बावजूद इसके सदस्य गंदे शब्द इस्तेमाल करने में एक-दूसरे से आगे बढ़ते दिखाई देते हैं। बाद में इन असंसदीय शब्दों को सदन की कार्यवाही से विलोपित करना पड़ता है। अब विधायकों को बताया जाएगा कि ऐसे कौन से शब्द हैं, जिनका इस्तेमाल सदन में चर्चा के दौरान नहीं किया जाए। पहले से तय शब्दों के अलावा नए शब्द और जुमलों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए विधानसभा सचिवालय नया डॉक्यूमेंट तैयार करेगा। लोकसभा में जिन शब्दों के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है, उसी तरह मध्यप्रदेश विधानसभा में भी असंसदीय शब्दों के इस्तेमाल के इस्तेमाल पर रोक लगाई जाएगी। विधानसभा स्पीकर गिरीश गौतम का कहना है हिंदी, अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं समेत प्रदेश की स्थानीय बोलचाल की भाषा में जिन अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है, उन्हें असंसदीय मानकर सदन की कार्यवाही में इस्तेमाल पर रोक रहेगी। इसके लिए विधान सभा सचिवालय पूरी जानकारी जुटाकर विधायकों को सूची मुहैया कराएगा। विधानसभा स्पीकर का कहना है जल्द ही विधानसभा में विधायकों का प्रशिक्षण वर्ग होगा, जिसमें सदन के सीनियर नेता विधायकों को संसदीय मर्यादाओं का पाठ पढ़ाएंगे। विधायकों को इस बात की भी जानकारी दी जाएगी कि विधानसभा के अंदर कौन से शब्द जुमलों का इस्तेमाल ना किया जाए। पप्पू, मंदबुद्धि और झूठा जैसे शब्दों का इस्तेमाल भी विधानसभा के अंदर नहीं हो सकेगा।इसका ख्याल विधायकों को रखना होगा। विधानसभा स्पीकर गिरीश गौतम ने कहा विधानसभा में पहली बार चुनकर आए विधायकों को 15 मार्च को बोलने का मौका दिया जाएगा। 15 मार्च के दिन नये विधायकों को आसंदी का पूरा संरक्षण देकर उन्हें सवाल पूछने का मौका दिया जाएगा। विधायक पूरक सवाल भी कर सकेंगे।

आमजन को वैक्सीन लगाने भाजपा कार्यकर्ता करेंगे मदद : सुमित पचौरी

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल अध्यक्ष सुमित पचौरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आमजन को कोरोना 19 वैक्सीन लगाने के लिए जनजागरूकता फैलाने सड़क पर उतरे। श्री पचौरी बुधवार को हर्षवर्धन नगर, नगर निगम वार्ड कार्यालय 30 नंबर, पंचशील नगर मंडल के प्रत्येक घर पहुंचकर आव्हान किया। श्री पचौरी ने कहा कि कोरोना 19 से बचाव हेतु आमजन को वैक्सीन लगाने के लिए पास के अस्पतालों और नगर निगम वार्ड कार्यालय में शिविर लगाए जायेंगे। यहां पर भाजपा कार्यकर्ता वैक्सीन लगवाने में आमजन की मदद करेंगे। श्री पचौरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आमजन की चिंता करते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है कि प्रदेश को कोरोना से मुक्त कराना है।

सानिया ने महिला पेशेवर गोल्फ में बढ़त बनाई

गुरुग्राम। सानिया शर्मा ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पांचवें चरण में बढ़त बना ली है। सानिया ने दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ ही पहले दौर में पांच बर्डी की पर वह तीन बोगी भी नहीं बना पायी जिससे उनका स्कोर दो अंडर रहा है। सानिया ने अनुभवी त्वेसा मलिक के अलावा बख्शी बहनों हिताशी और ज्हान्वी पर भी एक शॉट की बढ़त हासिल की है। इन तीनों ने एक अंडर 71 का स्कोर बनाया है। वहीं शीर्ष एमेच्योर खिलाड़ी अवनी प्रशांत 72 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर चल रही हैं जबकि वाणी कपूर छठे स्थान पर हैं।

आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में ऋषभ और सुंदर ने लगायी लंबी छलांग

गेंदबाजी में अश्विन दूसरे स्थान पर पहुंचे, अक्षर आठ पायदान ऊपर आये

दुबई ।

भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गये हैं। ऋषभ ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट में 101 रन बनाये थे इसी कारण उन्हें रैंकिंग में सात स्थानों का लाभ मिला है। ऋषभ बल्लेबाजी रैंकिंग में हमवतन रोहित शर्मा और न्यूजीलैंड के हेनरी निकोल्स के साथ सातवें स्थान पर हैं। वहीं रोहित एक स्थान आगे बढ़े हैं। वहीं अंतिम टेस्ट में 96 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले वाशिंगटन सुंदर ने भी 39 स्थान की लंबी छलांग लगायी है और वह 62वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं कप्तान विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा इस श्रृंखला में उम्मीद के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

कोहली पांचवें स्थान पर बने हैं हालांकि उनके नवंबर 2017 के बाद सबसे कम रेटिंग अंक हो गए हैं। वहीं पुजारा 13वें स्थान पर फिसल गये हैं और सितंबर 2016 के बाद पहली बार उनके रेटिंग अंक 700 से नीचे आये हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल भी रैंकिंग में ऊपर आये हैं। अश्विन न्यूजीलैंड के नील वैगनर को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। वह अगस्त 2017 के बाद पहली बार इस स्थान पर पहुंचे हैं। अश्विन आलराउंडरों की सूची में शाकिब अल हसन से ऊपर चौथे स्थान पर हैं। वहीं अक्षर ने चौथे टेस्ट में नौ विकेट लिये जिससे वह 552 अंकों के साथ आठ पायदान ऊपर 30वें स्थान पर पहुंच गये हैं। इंग्लैंड के डेन लॉरेन्स को भी सीरीज में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। वह बल्लेबाजों की सूची में 47 पायदान ऊपर 93वें स्थान पर पहुंच गये हैं जबकि गेंदबाजी में जेम्स एंडरसन दो स्थानों के लाभ के साथ ही चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

आईपीएल खेलने वाले क्रिकेटरों पर बरसा इंग्लैंड का दिग्गज बल्लेबाज

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने राष्ट्रीय टीम की जगह आईपीएल खेलने वाले क्रिकेटरों को जमकर फटकारा है। बॉयकॉट ने इसके साथ ही इन खिलाड़ियों को अनुमति देने के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को भी आड़े हाथों लिया है। इस पूर्व कप्तान ने कहा है कि आईपीएल) को प्राथमिकता देने वालों के क्रिकेटरों के पैसे काटे जाने चाहिए। वहीं इससे पहले इंग्लैंड के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने इस बात की पुष्टि की थी कि न्यूजीलैंड के साथ सीरीज के दौरान आईपीएल में खेलने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ी पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहेंगे।

लिविंगस्टोन की चार साल बाद इंग्लैंड टीम में वापसी

अहमदाबाद। सलामी बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन की चार साल बाद इंग्लैंड की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी हुई है। लिविंगस्टोन को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में बेहतर प्रदर्शन के कारण ही भारतीय टीम के साथ शुक्रवार से शुरु हो रही टी20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। इस क्रिकेटर ने दावा किया कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अब परिपक्व हो गये हैं। जून 2017 में दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाले लिविंगस्टोन ने ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग (बीबीएल) में शानदार प्रदर्शन कर इंग्लैंड की टीम में वापसी की है। उन्होंने बिग बैश में उप विजेता पर्थ स्कोरचर्स की ओर से 14 मैचों में 426 रन बनाए हैं। लिविंगस्टोन ने कहा, ' साल 2017 की तुलना में मैं काफी बदला हुआ खिलाड़ी हूं। दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलकर आप जो अनुभव हासिल करते हो वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने पर काफी अहम हो जाता है।% उन्होंने

कहा, ''अपने करियर में पहली बार मैं महसूस कर रहा हूं कि मैं इस माहौल का हिस्सा बनने के लिए तैयार हूं। मैं पहले काफी अपरिपक्व था। मैं फिर अपने क्रिकेट का आनंद उठा रहा हूं। हाल में हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में लिविंगस्टोन को राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था। आईपीएल 2019 में चार मैच खेलने वाले लिविंगस्टोन को इस बार अधिक मुकाबले खेलने की उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने आईपीएल में समय बिताया, 2 बार बिग बैश लीग के अलावा पाकिस्तान सुपर लीग में खेला। इस दौरान मैंने देखा कि वे कैसे खेलते हैं यह जानना अच्छा अनुभव रहा। फ्रेंचाइजी क्रिकेट सीखने के लिए शानदार चीज है।% लिविंगस्टोन को शायद ही पहले मैच में अंतिम ग्यारह में अवसर मिले पर इसके बाद भी यह खिलाड़ी निराश नहीं है। इस क्रिकेटर ने कहा, 'इंग्लैंड क्रिकेट में इतने सारे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं।

रोहित को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में हार्दिक और ऋषभ से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरु हो रही टी20 सीरीज में उन्हें ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। रोहित ने कहा है कि हार्दिक ने पीठ की सर्जरी से उबरने के बाद से ही अच्छी वापसी की है हालांकि अभी तक वह गेंदबाजी शुरु नहीं कर पाये हैं पर उम्मीद है कि टी20 सीरीज में वह गेंदबाजी में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। पंड्या ने साल 2019 में पीठ की सर्जरी करायी थी। उन्होंने पिछले साल आईपीएल में वापसी की पर इस दौरान गेंदबाजी नहीं की। पंड्या ने आस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज में अपनी बल्लेबाजी से टीम को कई मैच जिताए तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैचों में उन्होंने केवल एक बार गेंदबाजी की। वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान टीम का हिस्सा थे और रोहित को लगता है कि इससे उन्हें सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपनी जिम्मेदारियों के लिये तैयार होने में सहायता मिलेगी। रोहित ने कहा कि निश्चित तौर पर वह टीम का अहम अंग है।

उत्पादन बढ़ने से घटी कोरोना वैक्सीन की कीमत

नई दिल्ली । कोरोना वैक्सीन की मांग में जैसे जैसे इजाफा होता जा रहा है, इसका उत्पादन भी बढ़ रहा है। उत्पादन बढ़ने से इसकी कीमत भी घटी है। तभी सरकार ने फेज 2 के लिए जो कोविशील्ड का आर्डर प्लेस किया है, उसमें एक शॉट का दाम 150 रुपए पड़ा है। इस पर अगले से 5 फीसदी जीएसटी भी देय होगा। यानी वैक्सीन की एक शॉट की कीमत 157.50 रुपए पड़ेगी। इससे पहले बीते जनवरी में जो आर्डर दिया गया था, उसमें इसी वैक्सीन के एक शॉट की कीमत 210 रुपए पड़ी थी। कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे फेज में वैक्सीन का आर्डर बढ़ गया है। इसका फायदा मिला है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि टीकाकरण के दूसरे फेज के लिए जो आर्डर प्लेस किया गया है, उसमें कीमतों का फायदा मिला है। पुणे के सीरम इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया ने इस फेज के लिए एक शॉट की सप्लाई 150 रुपए में देने पर सहमत हुआ है। इसमें पांच फीसदी की दर से जीएसटी भी लगेगा। मतलब वैक्सीन के एक शॉट की कीमत 157.50 रुपए पड़ेगी। यह कीमत दुनिया में न्यूनतम बताया जा रहा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इस फेज में कितने शॉट के लिए आर्डर दिया गया है।

बिटकॉइन ने फिर किया 55000 डॉलर का आंकड़ा पार

मुंबई । विश्व की प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है। बुधवार को बिटकॉइन 2.8 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 55000 डॉलर का आंकड़ा पार कर गया। हांगकांग में कल सुबह यह 55,600 डॉलर पर ट्रेड कर रहा था। गौरतलब है कि एक महीने पहले इसका भाव करीब 60 हजार डॉलर के पास पहुंच गया था। यूएस के शेयरों में उछाल आने के बाद ब्लूमबर्ग गैलेक्सी क्रिप्टो इंडेक्स पिछले दो सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। पेपरस्टोन ग्रुप लिमिटेड के रिसर्च हेड क्रिस वेस्टन ने कहा कि ये आश्चर्यजनक नहीं होगा अगर इसकी कीमत पिछले महीने का आकंड़ा पार कर जाए। बिटकॉइन में बढ़ती संस्थागत रुचि और संभावना है कि अमेरिकी प्रोत्साहन चेक के चलते ?विवीय बाजार में सुधार से क्रिप्टोकरेंसी में बढ़ोतरी हो रही है। डिजिटल टोकन पिछले साल लगभग 600 प्रतिशत का उछाल देखा गया था। इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस?ला समेत कई कंपनियों ने बिटक?वाइन को डिजिटल करेंसी के तौर पर मंजूरी दी तो इसके दाम हर दिन बढ़त का नया रिकॉर्ड बनाने लगे थे। इसके बाद जब इसके दाम बहुत ज?यादा बढ़ गए तो टेस?ला के संस?थापक एलन मस?क ने रोज तेजी से बढ़ती कीमतों पर सवाल उठाया। इसके बाद इसके भाव गिरने शुरू हो गए थे।

शाओमी जल्द लांच करेगी मी 10एस स्मार्टफोन

लॉन्च से पहले ई-कॉमर्स वेबसाइट पर हुआ लिस्ट

डुनई दिल्ली। चाइनीज कंपनी शाओमी जल्द अपने मी 10 फ्लैगशिप स्मार्टफोन का नया वेरियंट लॉन्च कर सकती है। इससे पहले भी लीक में मी 10एस को लेकर जानकारी सामने आ चुकी है। कंपनी एक नए स्मार्टफोन मी10 एस पर काम कर रही है। अब लॉन्च से पहले इस स्मार्टफोन को चीन की ई-कॉमर्स वेबसाइट जेडी.काम पर लिस्ट कर दिया गया है। पहले आ चुकी लीक रिपोर्ट्स से मी 10एस के स्पेसिफिकेशन्स और फीचर्स की जानकारी मिली है। टेस्ना लिस्टिंग से भी खुलासा हुआ था कि फोन में पिछले साल आए मी 10 स्मार्टफोन की तुलना में एक अलग डिजाइन दी जाएगी। खबरों के मुताबिक, आने वाला मी 10एस देखने में शाओमी मी 10 अल्ट्रा की तरह हो सकता है। इसके अलावा मी 10एस में स्नैपड्रैगन 870 चिपसेट होने की उम्मीद है। बता दें कि भारत में पहले ही मी10टी, मी10,मी10टी प्रो और मी 10आई स्मार्टफोन लॉन्च हो

चुके हैं, इसलिए हो सकता है कि कंपनी भारत में नया मी 10एस लॉन्च ना करे। मी 10, मी 10टी और मी10टी प्रो हाई-ऐंड सेगमेंट में बेचे जाते हैं और इनकी कीमत 30,999 रुपये से 44,999 रुपये के बीच है। वहीं मी 10आई की कीमत 20,999 रुपये से शुरू होती है। बता दें कि कंपनी ने इसी हफ्ते भारत में अपनी रेडमी नोट 10 सीरीज लॉन्च की है। इस सीरीज में रेडमी नोट 10, रेडमी नोट 10 प्रो और रडमी नोट 10 प्रो मैक्स स्मार्टफोन्स लॉन्च किए गए हैं। ये सभी बजट और मिड-रेंज स्मार्टफोन्स हैं। याद दिला दें कि मी 10 में कंपनी ने स्नैपड्रैगन 865 प्रोसेसर का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा 3सी लिस्टिंग पर भी मी 10एस को ऑनलाइन देखा गया था। शाओमी मी 10एस में 33वाट फास्ट चार्जिंग दिए जाने का खुलासा इस लिस्टिंग से हुआ था। हालांकि, अभी फोन की बैटरी के बारे में पता नहीं चला है। फोन की कीमत को लेकर किसी तरह की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अभी यह भी पता नहीं है कि फोन को भारत में लॉन्च किया जाएगा या नहीं।

श्रद्धाभाव से मनी महाशिवरात्रि

हर हर महादेव से गूंजे शिवालय

ग्वालियर ।

शहर मे गुरुवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। नगर के प्रमुख शिव मंदिर अचलेश्वर, गुप्तेश्वर और कोटेश्वर महादेव समेत हजारेश्वर और भूतेश्वर आधी रात के बाद से ही श्रद्धालु दर्शन करने पहंचने लगे थे वहीं सुबह तड़के से ही शिवालयों श्रद्धालुओं की भी दर्शनों के लिए उमड़ने लगी थी । शिवरात्रि पर दोपहर राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। अचलेश्वर मंदिर पर तो गर्भगृह तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को 1 से 2 घंटे लगे। करीब आधा किलोमीटर दूर से लाइन में पैदल चलकर लोग मंदिर तक पहुंचे। शिवरात्रि पर शहर के शिवालय देर रात तक हर हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजते रहे । शिव भक्ति में लीन लोग कोरोना को भूल गए । मंदिरों के बाहर सोशल डिस्टेंसिंग नजर आई और न ही चेहरे पर मास्क दिखे। वहीं शिवालयों के बाहर जगह जगह फलहारी प्रसादी की वितरण किया गया। शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में से एक अचेलश्वर महादेव पर रात 12 बजे से ही कांवड़ लेकर शिवभक्त आना शुरू हो गए थे। पहले उनके लिए गर्भगृह के पट खोले गए।

कोटेश्वर मंदिर पहुँचकर सिंधिया ने किए दर्शन

अचलेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव व गुप्तेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया। इसके बाद शिव मंदिरों को आम भक्तों के लिए खोल दिया गया। मंदिर प्रबंधन के अगोल के बाद भी कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ती रहीं। कोटेश्वर महादेव पर भी यही हाल है। यहां भी रात 12 बजे से शिवभक्त पहुंचना शुरू हो गए थे। कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए इस बार अंदर प्रसाद के काउंटर नहीं लगाए गए। दोपहर 12 बजे यहां राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया पहुंचे और पूजा अर्चना की।वहीं गुप्तेश्वर पहाड़ी पर बना गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर भी हजारों की संख्या में शिवभक्त पहुंच रहे हैं। आसपास के गांव और जनकगंज से रात 12 बजे से ही लोग मंदिर पहुंचना शुरू हो गए थे। यहां मास्क पहनकर नहीं आने वाले शिवभक्तों को मंदिर प्रबंधन ने मास्क बांटे। महाशिवरात्रि पर गुप्तेश्वर सेवा संघ द्वारा निकाली जाने वाली शिव बारात गुप्तेश्वर मंदिर से निकलकर जनकगंज, महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, ऊंटपुल, इंदरगंज चौराहे से होती हुई अचलेश्वर मंदिर पहुंची। रास्ते में कई जगह बारात का स्वागत किया गया। महाशिरात्रि के कारण शहर प्रमुख मंदिरों अचलेश्वर, कोटेश्वर, गुप्तेश्वर, भूतेश्वर समेत करीब 30 से ज्यादा मंदिरों पर भक्तों की भीड़ के कारण शिव मंदिरों के आसपास और सड़कों पर पुलिस भी तैनात रही ।

कैट के ई कॉमर्स पोर्टल भारत ई मार्किट का

विक्रेता ऑनबोर्डिंग मोबाइल ऐप आज जारी हुआ

ग्वालियर। दिसंबर 2021 तक 7 लाख व्यापारियों को इस पोर्टल से जोड़ने का लक्ष्य ई कॉमर्स भविष्य का व्यापार है और जिस तेजी से देश में इंटरनेट संपर्क और स्मार्ट फ़ोन का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है और तेजी के साथ ई कॉमर्स के जरिये खरीदारी में वृद्धि हो रही है उसको देखते हुए कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज नई दिल्ली में हुए एक भव्य समारोह में अपने बहु - प्रतीक्षित ई कॉमर्स पोर्टल भारत ई मार्किट को शुरू करने के पहले चरण में व्यापारियों एवं सेवा प्रदाताओं द्वारा इस पोर्टल पर अपनी ई दुकान बनाने के लिए एक मोबाइल ऐप को लांच किया ! इस अवसर पर जहाँ कैट के दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों के बड़े व्यापारी नेता मौजूद थे वहीँ दूसरी ओर व्यापार से जुड़े अन्य वर्ग जिसमें विशेष रूप से ट्रांसपोर्ट, किसान, लघु उद्योग,महिला उद्यमी, स्वयं उद्यमी, हॉकर्स तथा उपभोक्ताओं के राष्ट्रीय संगठनों के अनेक नेता भी शामिल हुए ! भारत ई मार्किट पूर्ण रूप से आधुनिक टेक्नोलॉजी, सशक्त डिलीवरी, इनोवेटिव मार्केटिंग, सक्षम डिजिटल पेमेंट सहित पारदर्शी एवं जिम्मेदार व्यापारिक व्यवस्था के आधार पर निर्मित किया गया है जो भारत ही नहीं बल्कि विश्व के किसी भी ई कॉमर्स पोर्टल के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा ! कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की गत वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में लोकल पर वोकल तथा आत्मनिर्भर भारत का आह्वान किया था जिसमें भारतीय वस्तुओं एवं टेक्नोलॉजी को इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया था ! कैट ने इसी अभियान के अंतर्गत भारत ई मार्किट पोर्टल को लांच करने की योजना बनाई है जिसके द्वारा भारतीय वस्तु के निर्माणकर्ता एवं व्यापारियों द्वारा इस पोर्टल पर अपनी ई दुकान खोलकर लोकल उत्पादों को बढ़ावा दिया जा सके ! इस पोर्टल पर व्यापारी से व्यापारी (बीटूबी) तथा व्यापारी से उपभोक्ता (बीटूसी) व्यापार बेहद आसानी से हो सकेगा !

एक जिला-एक उत्पाद योजना में नवाचारों की जानकारी दें

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुशवाह ने विभागीय समीक्षा की

ग्वालियर । उद्यानिकी, खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर भोपाल में बहुत जल्दी सेमिनार आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एक जिला-एक उत्पाद योजना में किये गये नवाचारों की जानकारी सेमिनार के पहले विभाग को भेजें। जिले के अधिकारियों को निर्देशित किया जाये। राज्य मंत्री श्री कुशवाह बुधवार को

मंत्रालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि मॉडल विकासखण्ड, मॉडल नर्सरी के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर भी वरिष्ठ अधिकारी नजर रखें। क्षेत्र में भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि किसानों को, खासकर उद्यानिकी फसलों के लेने वाले छोटे किसानों को आत्म-निर्भर और समृद्ध बनाने के लिये उत्पादन के साथ-साथ उपज का भण्डारण और प्र-संस्करण करने के काम से भी जोड़ना है। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि छोटे रकबे के ऐसे किसानों को भण्डारण, प्र-संस्करण से जोड़कर पूरे परिवार को रोजगार दिया जा सकेगा। किसान सम्पन्न और समृद्ध बनेंगे। उन्होंने कहा कि 5 हजार मीट्रिक टन के कोल्ड-स्टोरेज व्यापारियों द्वारा बनाये जाते थे, लेकिन उद्यानिकी एवं प्र-संस्करण विभाग ने एक हजार, 500 और खेत पर 5 मीट्रिक टन क्षमता तक के छोटे कोल्ड-स्टोरेज बनाने की योजना लाकर किसानों को इससे जोड़ा है।

सेन्ट्रल जोन रनर अप मप्र खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

ग्वालियर। मध्यांचल बधिर क्रिकेट समिति द्वारा सेन्ट्रल जोन क्रिकेट टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत एक से पांच मार्च तक नई दिल्ली में हुई दूसरी वनडे नेशनल जोनल चैम्पियनशिप डेफ लीग में उप विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया । अखिल भारतीय डेफ क्रिकेट एसोसियेशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के नेट रन रेट में नार्थ जोन और सेन्ट्रल जोन की टीमें आमने सामने थी जिसमें वेस्ट जोन ने बाजी मार ली। हालांकि सेन्ट्रल जोन और नार्थ जोन के अंक समान हैं लेकिन रन रेट अधिक होने से नार्ज़ि जोन आगे निकल गई। प्रतियोगिता में शामिल टीम में मध्यक्षेत्र में (मध्यप्रदेश, झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश)मध्यप्रदेश टीम के सदस्य इंदौर के अभिषेक हयारण कप्तान, सुमित बिडवाल, उप कप्तान, देवेन्द्र विश्वकर्मा, भोपाल के सौरभ चतुर्वेदी, आमिर उददीन, वैभव परांजपे,

अब्दुल समद ग्वालियर के राहुल शर्मा मैनेजर पवन व्यास कोच राकेश भगत। राज्य की टीम के सदस्यों में झारखंड के नंदकिशोर साहू, राजस्थान के हनुमान राम, उत्तर प्रदेश के तनमय तिवारी, सुशील यादव , दीपक कुमार , मुतजिर हुसैन , मो तौसिफ प्रमुख रहे।

शहर से तीन छात्र-छात्राएं लापता- अपहरण का मामला दर्ज

ग्वालियर । शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो छात्राएं व एक छात्र लापता हो गया। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार कंपू थाना क्षेत्र के नया बाजार तेली की बजरिया निवासी चौदह वर्षीय छात्रा बीते रोज लापता हो गई। छात्रा कोचिंग पढ़ने की कहकर घर से निकली थी। लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटी। जब काफी समय तक छात्रा घर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। वहीं मुरार थाना क्षेत्र के गेरू वाला बंगला निवासी का वर्षीय छात्र बीते रोज बाजार की कहकर निकला था, उसके बाद वह वापस नहीं आया। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया है।इसके अलावा विश्वविलय थाना क्षेत्र के महलगांव निवासी सत्रह वर्षीय छात्रा बीते रोज घर से बाजार की कहकर निकली थी, उसके बाद वापस नहीं आई। छात्र-छात्राओं के लापता होने पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

ज्ञान, भक्ति एवं कर्म का संगम है रावतपुरा धाम : मुख्यमंत्री चौहान

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रावतपुरा धाम एक पवित्र धार्मिक स्थल होने के कारण उसे तीर्थ पर्यटक सर्किट में जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान गुरूवार को भिण्ड जिले के रावतपुरा धाम में 3 करोड़ की लागत से निर्मित 85 फीट ऊंचाई की आदि देव शिव प्रतिमा के लोकार्पण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एंव राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा, प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नगरीय विकास राज्य मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया, भिण्ड-दतिया सांसद श्रीमती संध्याराय, गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री केपीएस यादव, सांसद श्री वीरेन्द्र खटीक, विधायक श्री वीरेन्द्र रघुवंशी, विधायक श्रीमती रक्षा सिरोनिया, विधायक श्री हरीशंकर खटीक, जनप्रतिनिधि सर्वश्री मुकेश चौधरी, राधेलाल रावत, नरेन्द्र सिंह कुशवाह, श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के महाराज श्री रविशंकर सहित जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मूर्ति के लोकार्पण कार्यक्रम में शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के पवित्र दिन

शिवरात्रि पर्व पर मूर्ति के अनावरण के दौरान विशाल स्वरूप में भगवान शिव के दर्शन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मानव के जीवन का अंतिम लक्ष्य भगवान को प्राप्त करना है। इसके लिए तीन मार्ग हैं। जिसमें ज्ञान मार्ग के माध्यम से वेद, पुराण उपनिषद एवं गीता के माध्यम से ज्ञान अर्जित करना है जबकि दूसरा मार्ग भक्ति के रूप में मीरा ईश्वर की भक्ति में इतनी तल्लीन थी कि उन्होंने ईश्वर की भक्ति में विषपान किया। जबकि कर्ममार्ग के रूप में ईश्वर ने मनुष्य को जिस रूप में कार्य करने का अवसर दिया है उसे वे पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ करें उन्होंने कहा कि ज्ञान, भक्ति एवं कर्म का त्रिवेणी संगम रावतपुरा धाम है। श्री चौहान ने कहा कि रावतपुरा धाम एक अद्भुत धार्मिक एवं तीर्थ क्षेत्र होने के कारण प्रदेश के धार्मिक सर्किट में जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि धाम में पेयजल की समस्या को भी दूर करने और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए सामुदायिक भवन की भी व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम को राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संबोधित करते हुए कहा कि रावतपुरा धाम में आकर काफी सकुन मिला है। ऐसा लग रहा है कि यहां प्रभु के चरणों में उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से आकर आध्यामिक महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रावतपुरा सरकार धार्मिक स्थलों का एक केन्द्र बन चुका है। भगवान शिव की 85 फीट मूर्ति के यहां आकर दर्शन करने का अवसर मिला है। श्री सिंधिया ने कहा कि इस भव्य एवं विशाल मूर्ति को बनाने वाले कारीगरों एवं शिल्पियों का भी विशेष योगदान रहा है उनका भी सम्मान हो। श्री सिंधिया ने कहा कि रावतपुरा सरकार चिकित्सा, शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में पूरे मध्यप्रदेश में महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली है कि रावतपुरा धाम में भगवान शिव की विशाल प्रतिमा की स्थापना के दर्शन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि रावतपुरा सरकार मध्यप्रदेश ही नहीं पूरे देश के अंदर विभिन्न क्षेत्रों मां कार्य कर अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यहां आने से जो प्रेरणा मिलती है वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि रावतपुरा धाम आकर चारों धामों के दर्शन करने जैसा अहसास होता है। रावतपुराधाम धर्म, संस्कृति एवं संस्कार देने का एक बड़ा केन्द्र बन रहा है। कार्यक्रम में रावतपुरा धाम के गुरूदेव श्री रविशंकर जी ने बताया कि रावतपुरा धाम में स्थापित शिव की मूर्ति के समान ही 11 अन्य स्थानों पर भी तक मूर्ति स्थापित की जायेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1991 में वे यहां पर आये थे उसके बाद आज लाखों लोगों की आस्था एवं श्रद्धा का यह केन्द्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर एवं चंबल की तपोभूमि हमेशा संतों की भूमि रही है। श्री रविशंकर जी ने बताया कि रावतपुरा धाम द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से 30 हजार से अधिक छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रावतपुरा धाम में अतिथियों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। श्री चौहान ने इस दौरान आम का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री वीडी शर्मा, प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नगरीय विकास राज्य मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया, सांसद भिण्ड-दतिया श्रीमती संध्याराय, गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री केपीएस यादव, विधायक श्री वीरेन्द्र रघुवंशी, विधायक श्रीमती रक्षा सिरोनिया ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक- एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushparjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478